नियमानुसार ऐसा प्रमाणक विहीन व्यय गबन है जिसके लिए श्री अर्जुन ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव श्री अश्विन कुमार उत्तरदायी हैं। नियमानुसार इस धनराशि की वसूली श्री अर्जुन ग्राम प्रधान और श्री अश्विन कुमार सचिव से मय ब्याज आधा-आधा किया जाना अपेक्षित है और नियमानुसार विभागीय कार्यवाही भी अपेक्षित है।

प्रस्तर-18

ग्राम पंचायत -दंदवा विकास खण्ड -हथगाम वर्ष-2021-22 जनपद- फतेहपुर

पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबंध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय-8 के अनुच्छेद-7 में स्पष्ट प्रावधान है- ''ग्राम प्रधान तथा सेक्रेटरी ग्राम पंचायत का यह संयुक्त दायित्व होगा कि वे संप्रेक्षण हेतु संप्रेक्षण दल को व्यय के समस्त वाउचर तथा नियमों में अपेक्षित समस्त अभिलेख उपलब्ध कराएँ।'' ग्राम पंचायत दंदवा की वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में ग्राम पंचायत द्वारा निम्नांकित व्यय (हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर) के सापेक्ष व्यय प्रमाणक /पुष्टि प्रमाणक तथा अन्य पत्रावलियां अनुपलब्ध रही-

क्र0 स0	वा.सं./दिनांक	कार्य विवरण	भुगतान प्राप्तकर्ता फर्म /मिस्त्री	व्यय धनराशि
1	4/ 23-07-2021	हैंडपंप मरम्मत मजदूरी	सत्यम	10600.00
2	5/ 28-07-2021	हैंडपंप मरम्मत सामग्री	फौजी हार्ड वेयर स्टोर	18500.00
		योग		29100.00

उपर्युक्त दर्शित व्यय धनराशि रुपया 29100.00 का व्यय प्रमाणक सम्बंधित अभिलेख तथा सम्बंधित कार्य पत्रावलियां खराब हैण्डपम्पों की स्थलवार सूची व प्रार्थना पत्र, जल प्रबंध समिति की स्वीकृति, अनुमानित व्यय प्राक्कलन, वित्तीय व तकनीकी स्वीकृति, एम.बी., तीनों स्तर के फोटोग्राफ्स व कार्यपूर्ती प्रमाण-पत्र तथा खराब व क्रय सामग्री के लेखा रजिस्टर /डेड स्टॉक रजिस्टर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए।

स्पष्ट है कि हैंडपंप कार्य मरम्मत को बिना प्राकलन तैयार किये तथा अनुमानित व्यय की बिना सक्षम स्तर से नियमानुसार स्वीकृति प्राप्त किये कराया गया है तथा बिना कार्य की माप किये ही काल्पनिक आधार पर उक्त भुगतान किया गया है। उत्तर प्रदेश पंचायतीराज नियमावली-1947 के नियम-156 के अनुसार किसी भी निर्माण कार्य को आरम्भ करने के पूर्व योजना मानचित्र व अनुमानित व्यय की नियमानुसार स्वीकृति लिया जाना आवश्यक है तथा नियम 157(ख) के अनुसार निर्माण कार्य कराये जाने के उपरान्त भुगतान के लिए निर्धारित अधिकारी/ विशेषज्ञ द्वारा कार्य कि नाप जोख /माप किया जाना आवश्यक है तथा पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबंध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय-8 के अनुच्छेद-7 के अनुसार "यदि दर्शाये गये व्यय के सम्बन्ध में कोई बाउचर /व्यय प्रमाणक उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो दर्शायी गयी व्यय धनराशि को गबन मानते हुए

इस धनराशि की वसूली ग्राम प्रधान श्रीमतीबासदेयी तथा सेक्रेटरी ग्राम पंचायत श्री हीरालाल से की जायेगी।"

इस प्रकार स्पष्ट है की नियमों की अनदेखी करते हुए उक्त धनराशि रुपया 29100.00 का ग्राम निधि-प्रथम से भुगतान /अपहरण कर व्यय दर्शित किया गया है। उक्त दर्शित व्यय धनराशि रुपया 29100.00 की उत्तरदायी व्यक्ति ग्राम प्रधान श्रीमतीबासदेयी तथा सेक्रेटरी ग्राम पंचायत श्री हीरालाल से नियमानुसार वसूली / नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है|

प्रस्तर-19

ग्राम पंचायत -लोधौरा विकास खण्ड -विजयीपुर वर्ष-2021-22 जनपद- फतेहपुर

पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबंध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय-8 के अनुच्छेद-7 में स्पष्ट प्रावधान है- "ग्राम प्रधान तथा सेक्रेटरी ग्राम पंचायत का यह संयुक्त दायित्व होगा कि वे संप्रेक्षण हेतु संप्रेक्षण दल को व्यय के समस्त वाउचर तथा नियमों में अपेक्षित समस्त अभिलेख उपलब्ध कराएँ।" ग्राम पंचायत लोधौरा की वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में ग्राम पंचायत द्वारा निम्नांकित व्यय (हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर) के सापेक्ष व्यय प्रमाणक /पुष्टि प्रमाणक तथा अन्य पत्रावलियां अनुपलब्ध रही-

क्र0 स0	वा.सं./दिनांक	कार्य विवरण	भुगतान प्राप्तकर्ता फर्म /मिस्त्री	व्यय धनराशि
1	6/ 16-08-2021	हैंडपंप रिबोर मजदूरी ओम प्रकाश के दरवाजे	प्रदीप कुमार मौर्या	17947.00
2	2/ 16-08-2021	हैंडपंप रिबोर सामग्री, ओम प्रकाश के दरवाजे	मौर्या हार्डवेयर एंड मशीनरी स्टोर	31100.00
3	3/ 16-08-2021	हैंडपंप रिबोर मजदूरी, जितेन्द्र के घर के पास	सुरेश चन्द्र	18569.00
4	4/ 16-08-2021	हैंडपंप रिबोर सामग्री क्रय, जितेन्द्र के घर के पास	मौर्या हार्डवेयर एंड मशीनरी स्टोर	30836.00
5	5/ 16-08-2021	हैंडपंप रिबोर सामग्री क्रय, प्रा.वि.में	मौर्या हार्डवेयर एंड मशीनरी स्टोर	29047.00
6	7/ 16-08-2021	हैंडपंप रिबोर मजदूरी प्रा.वि.में	सुरेश चंद्र	17947.00
7	8/ 09-09-2021	हैंडपंप मरम्मत कार्य सामग्री	मौर्या हार्डवेयर एंड मशीनरी स्टोर	47600.00
8	9/ 09-09-2021	हैंडपंप मरम्मत कार्य मजदूरी	रमेश चंद्र	11500.00
9	10/ 27-09-2021	हैंडपंप रिबोर सामग्री क्रय किशोर पाल के दरवाजे	मौर्या हार्डवेयर एंड मशीनरी स्टोर	30153.00
10	11/ 27-09-2021	हैंडपंप रिबोर मजदूरी किशोर पाल के दरवाजे	सुरेश चंद्र	18569.00
11	2/ 29-09-2021	हैण्डपंप रिबोर सामग्री क्रय सुनील शुक्ल के दरवाजे	मौर्या हार्डवेयर एंड मशीनरी स्टोर	29460.00

12	3/ 29-09-2021	हैण्डपंप रिबोर मजदूरी सुनील शुक्ल के दरवाजे	रमेश चन्द्र	18258.00
		योग		300986.00

उपर्युक्त दर्शित व्यय धनराशि रुपया 300986.00 का व्यय प्रमाणक सम्बंधित अभिलेख तथा सम्बंधित कार्य पत्रावलियां खराब हैण्डपम्पों की स्थलवार सूची व प्रार्थना पत्र, जल प्रबंध समिति की स्वीकृति, अनुमानित व्यय प्राक्कलन, वित्तीय व तकनीकी स्वीकृति, एम.बी., तीनों स्तर के फोटोग्राफ्स व कार्यपूर्ती प्रमाण-पत्र तथा खराब व क्रय सामग्री के लेखा रजिस्टर /डेड स्टॉक रजिस्टर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए।

स्पष्ट है कि हैंडपंप कार्य मरम्मत को बिना प्राकलन तैयार किये तथा अनुमानित व्यय की बिना सक्षम स्तर से नियमानुसार स्वीकृति प्राप्त किये कराया गया है तथा बिना कार्य की माप किये ही काल्पनिक आधार पर उक्त भुगतान किया गया है। उत्तर प्रदेश पंचायतीराज नियमावली-1947 के नियम-156 के अनुसार किसी भी निर्माण कार्य को आरम्भ करने के पूर्व योजना मानचित्र व अनुमानित व्यय की नियमानुसार स्वीकृति लिया जाना आवश्यक है तथा नियम 157(ख) के अनुसार निर्माण कार्य कराये जाने के उपरान्त भुगतान के लिए निर्धारित अधिकारी/ विशेषज्ञ द्वारा कार्य कि नाप जोख /माप किया जाना आवश्यक है तथा पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबंध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय-8 के अनुच्छेद-7 के अनुसार "यदि दर्शाये गये व्यय के सम्बन्ध में कोई बाउचर /व्यय प्रमाणक उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो दर्शायी गयी व्यय धनराशि को गबन मानते हुए इस धनराशि की वसूली ग्राम प्रधान श्रीमती रीतू देवी तथा सेक्रेटरी ग्राम पंचायत श्री ब्रिजेन्द्र सिंह से की जायेगी।"

इस प्रकार स्पष्ट है की नियमों की अनदेखी करते हुए उक्त धनराशि रुपया 300986.00 का ग्राम निधि-प्रथम से भुगतान /अपहरण कर व्यय दर्शित किया गया है। उक्त दर्शित व्यय धनराशि रुपया 300986.00 की उत्तरदायी व्यक्ति ग्राम प्रधान श्रीमती रीतू देवी तथा सेक्रेटरी ग्राम पंचायत श्री ब्रिजेन्द्र सिंह से नियमानुसार वसूली / नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है|

<u>प्रस्तर-20</u>

ग्राम पंचायत -दरियामऊ विकास खण्ड -विजयीपुर वर्ष-2021-22 जनपद- फतेहपुर

कार्यालय ज्ञाप संख्या-4892/33-1-222/99-टी.सी.-III दिनांक 30 जुलाई 1999 के प्रस्तर-1 में "विकेन्द्रीकरण व्यवस्था के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में अभिलेखों के रख-रखाव तथा अभिलेखों की अविलम्ब तथा बिना किसी कठिनाई के न उपलब्ध कराने की दिशा में शासन ने संयुक्त प्रान्त पंचायत राज अधिनियम-1947 में संशोधन किये हैं जिसके तहत ग्राम पंचायत के सभी अभिलेख सचिव, ग्राम पंचायत की अभिरक्षा में रखें जायेंगे।" आगे ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबंध हेतु लेखा मैनुअल के

अध्याय-8 के खंड-7 के अनुसार ''ग्राम प्रधान तथा सचिव ग्राम पंचायत का यह संयुक्त दायित्व होगा कि वे संप्रेक्षण दल को व्यय के समस्त वाउचर तथा नियमो में अपेक्षित समस्त अभिलेख उपलब्ध कराए''।

आलोच्य वर्ष की ग्राम पंचायत दरियामऊ के ग्राम निधि प्रथम / और केंद्रीय वित्त की लेखा परीक्षा ऑनलाइन ई-ग्राम स्वराज पर उपलब्ध आकड़ों के आधार पर सम्पन्न की गयी। ई- ग्राम स्वराज पर दर्शित आंकड़ों के अनुसार राज्य वित्त आयोग(एस.एफ.सी.) /वित्त आयोग (एफ.एफ.सी.) मद में उपभोग/ व्यय रुपया 2662441.00 दर्शित रहा। इस दर्शित व्यय धनराशि के सापेक्ष ऑफलाइन लेखा परीक्षा के दौरान कोई भी वाउचर /अभिलेख /मूल व्यय प्रमाणक प्रस्तुत नहीं रहा।

उपर्युक्त उपभोग धनराशि की पुष्टि में ऑनलाइन कार्यक्रम की तिथि को कोई अभिलेख प्रस्तुत न करने के बाद तात्कालिक ग्राम पंचायत सचिव से मौखिक अनुरोध /व्यक्तिगत टेलीफोनिक वार्ता कर बार-बार अभिलेख की मांग की गई। परंतु सचिव के द्वारा नियमानुसार कोई भी मूल व्यय प्रमाणक कैशबुक, बैंक स्टेटमेंट, कार्यवाही पुस्तिका, कार्ययोजना, ईस्टीमेट, प्रशासनिक वित्तीय और तकनीकी अनुमति, एम०बी०, बिल /बाउचर और मस्टररोल, मानेदय रजिस्टर, डायरेक्टी ऑफ वर्कस, यथानुसार विभिन्न समितियों की संस्तुति, बैंक समाधान विवरण, मांग वसूली व अवशेष पंजिका, त्रिस्तरीय फोटोग्राफ, कार्यपूर्ति प्रमाण-पत्र, टेंडर कोटेशन पत्रावली, मानदेय रजिस्टर, बैंक स्टेटमेंट, कोष बही आदि जो कि व्यय की पुष्टि हेतु अपेक्षित थी प्रस्तुत नहीं रहे फलस्वरूप आलोच्य वर्ष मे ग्राम पंचायत द्वारा उपभोग धनराशि की पुष्टि नहीं की जा सकी। उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम-1947 की धारा-27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली-1947 के नियम-256 तथा ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्धन हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय-8 के अनुच्छेद-8(क) के अंतर्गत अधिभार के योग्य है। आगे इस बिन्दु के अनुसार ''यदि दर्शाए गए व्यय के सम्बन्ध में कोई वाउचर उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो दर्शायी गई धनराशि को गबन मानते हुए इस धनराशि की वसूली प्रधान ग्राम पंचायत तथा सेक्रेटरी ग्राम पंचायत से संयुक्त रूप से की जाएगी''।

नियमानुसार ऐसा प्रमाणक विहीन व्यय गबन है जिसके लिए तत्कालीन ग्राम प्रधान श्रीमती राधादेवी और तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव श्री दिलीप कुमार उत्तरदायी हैं। नियमानुसार इस धनराशि की वसूली ग्राम प्रधान और सचिव से मय ब्याज आधा-आधा किया जाना अपेक्षित है और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है|

<u>प्रस्तर-21</u>

ग्राम पंचायत -भोगलपुर विकासखण्ड -विजयीपुर वर्ष-2021-22 जनपद- फतेहपुर

पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबंध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय-8 के अनुच्छेद-7 में स्पष्ट प्रावधान है- ''ग्राम प्रधान तथा सेक्रेटरी ग्राम पंचायत का यह संयुक्त दायित्व होगा कि वे संप्रेक्षण हेतु संप्रेक्षण दल को व्यय के समस्त वाउचर तथा नियमों में अपेक्षित समस्त अभिलेख उपलब्ध कराएँ।'' ग्राम पंचायत भोगलपुर की वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में ग्राम पंचायत द्वारा निम्नांकित व्यय (हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर) के सापेक्ष व्यय प्रमाणक /पुष्टि प्रमाणक तथा अन्य पत्रावलियां अनुपलब्ध रही-

क्र0 स0	वा.सं./दिनांक	कार्य विवरण	भुगतान प्राप्तकर्ता फर्म /मिस्त्री	व्यय धनराशि
1	2/ 22-10-2021	हैंडपंप मरम्मत सामग्री क्रय	जनता सेल्स एण्ड सर्विस	39900.00
2	3/ 22-10-2021	हैंडपंप मरम्मत मजदूरी	जीतू पाल	10000.00
3	5/ 18-01-2022	हैंडपंप मरम्मत सामग्री क्रय	जनता सेल्स एण्ड सर्विस	48400.00
4	6/ 18-01-2022	हैंडपंप मरम्मत मजदूरी	जीतू पाल	10665.00
5	3/ 12-10-2021	हैंडपंप रिबोर सामग्री + मजदूरी चिप्पन बाबा के दरवाजे	जनता सेल्स एण्ड सर्विस	49900.00
6	4/ 12-10-2021	हैंडपंप रिबोर सामग्री + मजदूरी धनराज के दरवाजे	जनता सेल्स एण्ड सर्विस	49900.00
7	5/ 18-10-2021	हैंडपंप रिबोर सामग्री + मजदूरी सुल्तान के दरवाजे	जनता सेल्स एण्ड सर्विस	49900.00
8	6/ 22-10-2021	हैंडपंप रिबोर मजदूरी राम दुलारे के घर के पास	जीतू पाल	18672.00
9	7/ 22-10-2021	हैंडपंप रिबोर सामग्री क्रय राम दुलारे के घर के पास	जनता सेल्स एण्ड सर्विस	31827.00
		योग		309164.00

उपर्युक्त दर्शित व्यय धनराशि रुपया 309164.00 का व्यय प्रमाणक सम्बंधित अभिलेख तथा सम्बंधित कार्य पत्रावलियां खराब हैण्डपम्पों की स्थलवार सूची व प्रार्थना पत्र, जल प्रबंध समिति की स्वीकृति, अनुमानित व्यय प्राक्कलन, वित्तीय व तकनीकी स्वीकृति, एम.बी., तीनों स्तर के फोटोग्राफ्स व कार्यपूर्ती प्रमाण-पत्र तथा खराब व क्रय सामग्री के लेखा रजिस्टर /डेड स्टॉक रजिस्टर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गए।

स्पष्ट है कि हैंडपंप कार्य मरम्मत को बिना प्राक्कलन तैयार किये तथा अनुमानित व्यय की बिना सक्षम स्तर से नियमानुसार स्वीकृति प्राप्त किये कराया गया है तथा बिना कार्य की माप किये ही काल्पनिक आधार पर उक्त भुगतान किया गया है। उत्तर प्रदेश पंचायतीराज नियमावली-1947 के नियम-156 के अनुसार किसी भी निर्माण कार्य को आरम्भ करने के पूर्व योजना मानचित्र व अनुमानित व्यय की नियमानुसार स्वीकृति लिया जाना आवश्यक है तथा नियम 157(ख) के अनुसार निर्माण कार्य कराये जाने के उपरान्त भुगतान के लिए निर्धारित अधिकारी/ विशेषज्ञ द्वारा कार्य कि नाप जोख /माप किया जाना आवश्यक है तथा पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबंध हेतु लेखा मैनुअल के अध्याय-8 के अनुच्छेद-7 के अनुसार "यदि दर्शाये गये व्यय के सम्बन्ध में कोई बाउचर /व्यय प्रमाणक उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो दर्शायी गयी व्यय धनराशि को गबन मानते हुए इस धनराशि की वसूली ग्राम प्रधान श्री घनश्याम पाल तथा सेक्रेटरी ग्राम पंचायत श्रीमती आकांक्षा मिश्रा से की जायेगी।''

इस प्रकार स्पष्ट है की नियमों की अनदेखी करते हुए उक्त धनराशि रुपया 309164.00 का ग्राम निधि-प्रथम से भुगतान /अपहरण कर व्यय दर्शित किया गया है। उक्त दर्शित व्यय धनराशि रुपया 309164.00 की उत्तरदायी व्यक्ति ग्राम प्रधान श्री घनश्याम पाल तथा सेक्रेटरी ग्राम पंचायत श्रीमती आकांक्षा मिश्रा से नियमानुसार वसूली / नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है|

प्रस्तर-22

ग्राम पंचायत -बडागॉव विकास खण्ड -बहुआ वर्ष-2021-22 जनपद- फतेहपुर

आलोच्य वर्ष 2021-22 में कोषबही ग्राम निधि-प्रथम के अनुसार- राज्य वित्त एवं 15 वॉ वित्त आयोग मद में प्रारम्भिक अवशेष कुल रूपया 1885554.95 वर्ष में प्राप्त वर्ष में प्राप्त अनुदान धनराशि कुल रूपया 4265051.00,इस प्रकार कुल प्राप्त धनराशि रूपया 6150605.95 के सापेक्ष वर्ष में कुल उपभोग/व्यय की धनराशि कुल रूपया 4998867.00 के उपरान् वर्षान्त में दिनांक 31.03.2022 को अन्तिम अवशेष धनराशि कुल रूपया 1151738.95 खाते में अवशेष दर्शित रही। जिसका न तो उपभोग किया गया और न ही यह अनुदान धनराशि नियमानुसार शासन/ राज्य फण्ड में वापस की गई। तथा ईकाई द्वारा कार्य योजनाओं का समय से क्रियान्वयन नहीं किया गया है। जबकि इस सम्बन्ध में सामान्य वित्तीय नियम-2005 के नियम संख्या 212(5) के अनुसार अनुदान किस्त के अवमुक्त होने के पूर्व स्थानीय निकायों के द्वारा राज्य सरकार को उपभोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। जो कि नहीं किया गया। इस प्रकार इकाई स्तर पर कार्ययोजनाओं का समय से क्रियान्वयन न करके तथा शासकीय अनुदान धनराशि का उपभोग न करके अथवा शासन/ राज्य फण्ड में वापस न करके इकाई स्तर पर गम्भीर वित्तीय अनियमितता की गयी है। जिसके लिए तत्कालीन प्रधान श्री राम बहादुर व ग्राम पंचायत/ विकास अधिकारी श्री राघवेन्द्र सिंह उत्तरदायी है। अतएव प्रकरण उच्चाधिकारियों के समक्ष आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है|

जनपद- कौशाम्बी

01- ग्राम पंचायत शानानीबी विकास खंड - चायल की वर्ष 2021-22

प्रस्तर-1- आलोच्य वर्ष 2021-2022 में निम्नविवरणानुसार हैण्डपम्प रिबोर कार्य हेतु सामग्री पर व्यय रूपया 46667-00 एवं रूपया 46667-00 कैशबुक में दर्शित किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है-

(1) दिनांक- 01.07.2021 को हैण्डपम्प रिबोर कार्य हेतु सामग्री पर भुगतान (फर्म का नाम नहीं अंकित है) रू.- 46667-00 एवं रूपया 46667-00 (कुल रुपया 93334-00) दर्शाया है

उपरोक्त उपभोग की पुष्टि में वित्तीय प्रशासानिक और तकनीकी स्वीकृति का पत्र लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं रहा एवं हैण्डपम्प रिबोर कराये गये स्थल की सूची, लाभार्थी ग्रामवासियों का आवदेन पत्र, मरम्मत सामग्री का स्टॉक रजिस्टर, निस्प्रयोज्य सामग्री का स्टाक विवरण रजिस्टर लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा। इस प्रकार उपरोक्त अभिलेख प्रस्तुत न कर गंभीर अनियमितता की गई है, जिसके लिये ग्राम प्रधान श्रीमती माधुरी कुशवाहा व ग्राम विकास अधिकारी श्री धर्मेन्द पाण्डेय समान रूप से उत्तरदायी है।

अतः उपरोक्त के विरूध विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

02- ग्राम पंचायत - तियरा जमालपुर विकास खंड मंझनपुर की वर्ष 2021-22

प्रस्तर-2- आलोच्य वर्ष 2021-2022 में निम्नविवरणानुसार पंचायत भवन हेतु कुर्सी, दरी आदि क्रय पर व्यय रूपया 43250-00 कैशबुक में दर्शित किया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है-

(1) दिनांक- 03.09.2021 को रु. 43250-00 से भुगतान ग्राम पंचायत में कुर्सी, दरी इत्यादि हेतु मे. जे.पी. इन्टरप्राइजेज को किया गया है।

(2) दिनांक- 03.09.2021 को रु. 55200-00 मे. कुशवाहा ट्रेडर्स को हैण्डपम्प सामग्री का भुगतान ।

(3) दिनांक- 03.09.2021 को रू. 15520-00 विजय बहादुर पुत्र शिवबरन को हैण्ड पम्प कार्य में मजदूरी का भुगतान।

योग- 113700-00

उपरोक्त क्रय की गई सामग्रियों के सापेक्ष बिल/बाउचर/पुष्ट प्रमाणक लेखा परीक्षा के दौरान अनुपलब्ध रहा एवं स्टेश्नरी स्टाक रजिस्टर में क्रय की गई उपरोक्त सामग्रियों की आमद नहीं पकड़ी गई है।

उपरोक्त उपभोग की पुष्टि में वितीय प्रशासानिक और तकनीकी स्वीकृति का पत्र लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं रहा एवं हैण्डपम्प रिबोर कराये गये स्थल की सूची, लाभार्थी ग्रामवासियों का आवदेन पत्र, मरम्मत सामग्री का स्टॉक रजिस्टर, निस्प्रयोज्य सामग्री का स्टाक विवरण रजिस्टर, किसी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित कार्यपूर्ती प्रमाणपत्र एवं व्यय प्रमाणक बिल/बाउचर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये।

अस्तु स्पष्ट है कि उपरोक्त व्ययित धनराशि रू. 113700-00 को काल्पनिक व्यय दर्शाकर अपहरण कर लिया गया है।

अतः ग्राम पंचायतों हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8 (क) के अनुसार दर्शाए गये व्यय से संबंधित व्यय प्रमाणक प्रस्तुत न करने पर ग्रामपंचायत अधिकारी तथा ग्राम प्रधान से संयुक्त रूप से ब्याज सहित वसूली की जाएगी। अतः रु. 113700-00 की वसूली ग्राम पंचायत अधिकारी श्री विनय चौधरी एवं ग्राम प्रधान श्री पप्पू पासी से समान रूप से ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

03- ग्राम पंचायत शाहपुर टिकरी विकास खंड -मंझनपुर की वर्ष 2021-22

प्रस्तर-3- आलोच्य वर्ष 2021-2022 में ग्राम पंचायत में रिक्शा ट्राली/ हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री का भुगतान रूपया 69018-00 कैशबुक में दर्शित किया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है-

(1) दिनांक- 22.12.2021 को रु. 21600-00 से भुगतान ग्राम पंचायत में रिक्शा ट्राली हेतु किया गया है।

(2) दिनांक- 14.02.2022 को हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री का भुगतान रु. 4048-00

(3) दिनांक- 14.02.2022 को हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री का भुगतान रु. 6000-00

(4) दिनांक- 14.02.2022 को हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री का भुगतान रु. 17806-00

(5) दिनांक- 14.02.2022 को हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री का भुगतान रु. 19564-00

योग- 69018-00

उपरोक्त क्रय की गई सामग्रियों के सापेक्ष बिल/बाउचर/पुष्ट प्रमाणक लेखा परीक्षा के दौरान अनुपलब्ध रहा एवं स्टेश्नरी स्टाक रजिस्टर में क्रय की गई उपरोक्त सामग्रियों की आमद नहीं पकड़ी गई है।

उपरोक्त उपभोग की पुष्टि में वितीय प्रशासानिक और तकनीकी स्वीकृति का पत्र लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं रहा एवं हैण्डपम्प रिबोर कराये गये स्थल की सूची, लाभार्थी ग्रामवासियों का आवदेन पत्र, मरम्मत सामग्री का स्टॉक रजिस्टर, निस्प्रयोज्य सामग्री का स्टाक विवरण रजिस्टर, किसी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित कार्यपूर्ती प्रमाणपत्र एवं व्यय प्रमाणक बिल/बाउचर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये।

अस्तु स्पष्ट है कि उपरोक्त व्ययित धनराशि रू. 69018-00 को काल्पनिक व्यय दर्शाकर अपहरण कर लिया गया है।

अतः ग्राम पंचायतों हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8 (क) के अनुसार दर्शाए गये व्यय से संबंधित व्यय प्रमाणक प्रस्तुत न करने पर ग्रामपंचायत अधिकारी तथा ग्राम प्रधान से संयुक्त रूप से ब्याज सहित वसूली की जाएगी। अतः रु. 69018-00 की वसूली ग्राम पंचायत अधिकारी श्री अतुल गुप्ता एवं ग्राम प्रधान श्रीमती मालती देवी से समान रूप से ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

04 ग्राम पंचायत बरौलहा विकास खंड - मंझनपुर की वर्ष 2021-22

प्रस्तर-4- आलोच्य वर्ष 2021-2022 में ग्राम पंचायत में हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री का भुगतान रूपया 47860-00 कैशबुक में दर्शित किया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है-

(1) दिनांक- 16.12.2021 को हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री मे.कमल मशीनरी स्टोर को भुगतान रु. 47860-00

उपरोक्त उपभोग की पुष्टि में वित्तीय प्रशासानिक और तकनीकी स्वीकृति का पत्र लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं रहा एवं हैण्डपम्प रिबोर कराये गये स्थल की सूची, लाभार्थी ग्रामवासियों का आवदेन पत्र, मरम्मत सामग्री का स्टॉक रजिस्टर, निस्प्रयोज्य सामग्री का स्टाक विवरण रजिस्टर, किसी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित कार्यपूर्ती प्रमाणपत्र एवं व्यय प्रमाणक बिल/बाउचर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये।

अस्तु स्पष्ट है कि उपरोक्त व्ययित धनराशि रू. 47860-00 को काल्पनिक व्यय दर्शाकर अपहरण कर लिया गया है।

अतः ग्राम पंचायतों हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8 (क) के अनुसार दर्शाए गये व्यय से संबंधित व्यय प्रमाणक प्रस्तुत न करने पर ग्रामपंचायत अधिकारी तथा ग्राम प्रधान से संयुक्त रूप से ब्याज सहित वसूली की जाएगी। अतः रु. 47860-00 की वसूली ग्राम पंचायत अधिकारी श्री आदित्य सिंह एवं ग्राम प्रधान मो. इजरायल शाह से समान रूप से ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

05- ग्राम पंचायत सेंवथा विकास खंड - नेवादा की वर्ष 2021-22

प्रस्तर-5- आलोच्य वर्ष 2021.2022 में निम्नविवरणानुसार हैण्डपम्प रिबोर/मजदूरी पर व्यय रूपया 92852-00 कैशबुक में दर्शित किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है-

(1) दिनांक- 30.09.2021 को प्रीतम सिंह एण्ड कम्पनी को हैण्ड रिबोर सामग्री/मजदूरी का भुगतान रू.- 46668-00

(2) दिनांक- 30.09.2021 को प्रीतम सिंह एण्ड कम्पनी को हैण्ड रिबोर सामग्री/मजदूरी का भुगतान रू.- 46184-00

योग- 92852-00

उपरोक्त उपभोग की पुष्टि में वित्तीय प्रशासानिक और तकनीकी स्वीकृति का पत्र लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं रहा एवं हैण्डपम्प रिबोर कराये गये स्थल की सूची, लाभार्थी ग्रामवासियों का आवदेन पत्र, मरम्मत सामग्री का स्टॉक रजिस्टर, निस्प्रयोज्य सामग्री का स्टाक विवरण रजिस्टर लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा। इस प्रकार उपरोक्त अभिलेख प्रस्तुत न कर गंभीर अनियमितता की गई है, जिसके लिये ग्राम प्रधान श्रीमती निर्मला देवी व ग्राम विकास अधिकारी श्री अनुराग सिंह समान रूप से उत्तरदायी है।

अतः उपरोक्त के विरूध विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

06- ग्राम पंचायत जरैनी विकास खंड - -नेवादा की वर्ष 2021-22

प्रस्तर-6- आलोच्य वर्ष 2021-2022 में निम्नविवरणानुसार हैण्डपम्प रिबोर/मजदूरी पर व्यय रूपया 46012-00 कैशबुक में दर्शित किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है-

(1) दिनांक- 30.09.2021 को संजय कृषि यंत्र स्टोर को हैण्ड रिबोर सामग्री/मजदूरी का भुगतान रू.- 46012-00

योग- 46012-00

उपरोक्त उपभोग की पुष्टि में वित्तीय प्रशासानिक और तकनीकी स्वीकृति का पत्र लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं रहा एवं हैण्डपम्प रिबोर कराये गये स्थल की सूची, लाभार्थी ग्रामवासियों का आवदेन पत्र, मरम्मत सामग्री का स्टॉक रजिस्टर, निस्प्रयोज्य सामग्री का स्टाक विवरण रजिस्टर लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा। इस प्रकार उपरोक्त अभिलेख प्रस्तुत न कर गंभीर अनियमितता की गई है, जिसके लिये ग्राम प्रधान श्रीमती बृजकली देवी व ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती नीलू कैथवास समान रूप से उत्तरदायी है।

अतः उपरोक्त के विरूध विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

07 - ग्राम पंचायत जलालपुर भर्ती विकास खंड --नेवादा की वर्ष 2021-22

प्रस्तर-7- आलोच्य वर्ष 2021-2022 में निम्नविवरणानुसार पंचायत भवन हेतु कुर्सी, मेज, अलमारी आदि क्रय पर व्यय रूपया 51,000-00 कैशबुक में दर्शित किया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है-

(1) दिनांक- 03.02.2022 को विश्वकर्मा फर्नीचर उद्योग को कुर्सी, मेज, आलमारी आदि सामग्री का भुगतान रू.- 51,000-00

उपरोक्त क्रय की गई सामग्रियों के सापेक्ष बिल/बाउचर/पुष्ट प्रमाणक लेखा परीक्षा के दौरान अनुपलब्ध रहा एवं स्टेशनरी स्टाक रजिस्टर में क्रय की गई उपरोक्त सामग्रियों की आमद नहीं पकड़ी गई है।

स्पष्ट है कि भुगतान की गई धनराशि काल्पनिक दर्शा कर रू. 51000-00 का अपहरण कर लिया गया है।

अतः ग्राम पंचायतों हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8 (क) के अनुसार दर्शाए गये व्यय से संबंधित व्यय प्रमाणक प्रस्तुत न करने पर ग्रामपंचायत अधिकारी तथा ग्राम प्रधान से संयुक्त रूप से ब्याज सहित वसूली की जाएगी।

अतः रु. . 51000-00 की वसूली ग्राम पंचायत अधिकारी श्री राहुल सिंह एवं ग्राम प्रधान श्री बिटान से ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

08- ग्राम पंचायत डहिया विकास खंड - नेवादा की वर्ष 2021-22

प्रस्तर-8- आलोच्य वर्ष 2021-2022 में निम्नविवरणानुसार हैण्डपम्प रिबोर/मजदूरी पर व्यय रूपया 139071-00 कैशबुक में दर्शित किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है-

(1) दिनांक- 14.10.2021 को दहाड़ी सिंह मशीनरी स्टोर को हैण्ड रिबोर सामग्री/मजदूरी का भुगतान रू.- 46667-00
(2) दिनांक- 14.10.2021 को दहाड़ी सिंह मशीनरी स्टोर को हैण्ड रिबोर सामग्री/मजदूरी का भुगतान रू.- 46020-00
(3) दिनांक- 14.10.2021 को दहाड़ी सिंह मशीनरी स्टोर को हैण्ड रिबोर सामग्री/मजदूरी का भुगतान रू.- 46384-00
योग- 139071-00

उपरोक्त उपभोग की पुष्टि में वित्तीय प्रशासानिक और तकनीकी स्वीकृति का पत्र लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं रहा एवं हैण्डपम्प रिबोर कराये गये स्थल की सूची, लाभार्थी ग्रामवासियों का आवदेन पत्र, मरम्मत सामग्री का स्टॉक रजिस्टर, निस्प्रयोज्य सामग्री का स्टाक विवरण रजिस्टर, किसी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित कार्यपूर्ती प्रमाणपत्र एवं व्यय प्रमाणक बिल/बाउचर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये।

अस्तु स्पष्ट है कि उपरोक्त व्ययित धनराशि रू. 139071-00 को काल्पनिक व्यय दर्शाकर अपहरण कर लिया गया है।

अतः ग्राम पंचायतों हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8 (क) के अनुसार दर्शाए गये व्यय से संबंधित व्यय प्रमाणक प्रस्तुत न करने पर ग्रामपंचायत अधिकारी तथा ग्राम प्रधान से संयुक्त रूप से ब्याज सहित वसूली की जाएगी।

अतः रु. 139071-00 की वसूली ग्राम पंचायत अधिकारी श्री रमापति यादव एवं ग्राम प्रधान श्रीमती सोनकली से समान रूप से ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

09- ग्राम पंचायत पदुमनाथपुर सुरसेनी विकास खंड --नेवादा की वर्ष 2021-22

प्रस्तर-9- आलोच्य वर्ष 2021-2022 में निम्नविवरणानुसार हैण्डपम्प रिबोर/मजदूरी पर व्यय रूपया 92303-00 कैशबुक में दर्शित किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है-

(1)दिनांक- 27.09.2021 को (फर्म का नाम नहीं अंकित है) हैण्ड रिबोर सामग्री/मजदूरी का भुगतान कैशबुक के अनुसार रू.- 47043-00
(2) दिनांक- 27.09.2021 को (फर्म का नाम नहीं अंकित है) हैण्ड रिबोर सामग्री/मजदूरी का भुगतान कैशबुक के अनुसार रू.- 45260-00
योग- 92303-00

उपरोक्त उपभोग की पुष्टि में वित्तीय प्रशासानिक और तकनीकी स्वीकृति का पत्र लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं रहा एवं हैण्डपम्प रिबोर कराये गये स्थल की सूची, लाभार्थी ग्रामवासियों का आवदेन पत्र, मरम्मत सामग्री का स्टॉक रजिस्टर, निस्प्रयोज्य सामग्री का स्टाक विवरण रजिस्टर, किसी सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित कार्यपूर्ती प्रमाणपत्र एवं व्यय प्रमाणक बिल/बाउचर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किये गये।

अस्तु स्पष्ट है कि उपरोक्त व्ययित धनराशि रू. 92303-00 को काल्पनिक व्यय दर्शाकर अपहरण कर लिया गया है।

अतः ग्राम पंचायतों हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8 (क) के अनुसार दर्शाए गये व्यय से संबंधित व्यय प्रमाणक प्रस्तुत न करने पर ग्रामपंचायत अधिकारी तथा ग्राम प्रधान से संयुक्त रूप से ब्याज सहित वसूली की जाएगी।

अतः रु. 92303-00 की वसूली ग्राम पंचायत अधिकारी मुकेश कुमार गुप्ता एवं ग्राम प्रधान श्रीमती स्वाती शुक्ला से समान रूप से ब्याज सहित की जानी अपेक्षित है।

10- ग्राम पंचायत सिंहपुर विकास खंड -- चायल की वर्ष 2021-22

प्रस्तर-10- आलोच्य वर्ष 2021-2022 में निम्नविवरणानुसार हैण्डपम्प मरम्मत कार्य हेतु सामग्री पर व्यय रूपया 19950-00 व रु. 19970-00 का भुगतान कैशबुक में दर्शित किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है-

(1) दिनांक- 30.01.2022 को हैण्डपम्प मरम्मत कार्य का भुगतान मे. कृष्णा इंटरप्राइजेज रू.-19950-00
(2) दिनांक- 30.01.2022 को हैण्डपम्प मरम्मत कार्य का भुगतान मे. कृष्णा इंटरप्राइजेज रू.-19970-00
योग- 39920-00

उपरोक्त उपभोग की पुष्टि में वित्तीय प्रशासानिक और तकनीकी स्वीकृति का पत्र लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं रहा एवं हैण्डपम्प रिबोर कराये गये स्थल की सूची, लाभार्थी ग्रामवासियों का आवदेन पत्र, मरम्मत सामग्री का स्टॉक रजिस्टर, निस्प्रयोज्य सामग्री का स्टाक विवरण रजिस्टर लेखा परीक्षा में अप्राप्त रहा। इस प्रकार उपरोक्त अभिलेख प्रस्तुत न कर गंभीर अनियमितता की गई है, जिसके लिये ग्राम प्रधान श्री सुनील कुमार व ग्राम विकास अधिकारी श्री धर्मेन्द्र पाण्डेय समान रूप से उत्तरदायी है।

अतः उपरोक्त के विरूध विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

11- नाम ग्राम पंचायत --- चक कोरियों पूरे फैज विकास खंड ---कड़ा जनपद---कौशाम्बी ,वर्ष 22-2021–

प्रस्तर -11-ग्राम पंचायत चक कोरियों पूरे फैज में वर्ष 2021-22 में राज्य वित्त आयोग, से प्राप्त अनुदान में से कुल रूपया 484457-00 का व्यय भुगतान ऑफलाईन कोषवही के अनुसार दर्शित है। लेखा परीक्षा में ऑफलाईन कोषवही एवं बैंक स्टेटमेंट के अतिरिक्त शेष अन्य सभी अभिलेख यथा इस्टीमेट, व्यय प्रमाणक, एम0बी0, परिसम्पत्ति रजिस्टर, कार्यवाही पुस्तिका, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, टेण्डर, कोटेशन आदि प्रस्तुत नहीं रहे, जिससे कार्यों एवं व्ययों की पुष्टि नहीं की जा सकी।

ग्राम पंचायत हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई सम्पूर्ण धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि की वसूली ब्याज सहित प्रधान एवं सचिव से की जाएगी ।

अत:धनराशि रूपया 484457-00 की वसूली बराबर – बराबर प्रधान श्री रणजीत सिंह से रुपया 242228.50एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री राजमणि भारतीया से रुपया 242228.50 तातारीख ब्याज (पी0एल0आर0 रेट + 2 प्रतिशत) सहित की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 12-ग्राम पंचायत चक कोरियों पूरे फैज में वर्ष 2021-22 में 14 वॉ /15 वॉ वित्त आयोग (केन्द्रीय वित्त आयोग) से प्राप्त अनुदान में से कुल रूपया 358803-00 का व्यय भुगतान ऑफलाईन कोषवही के अनुसार दर्शित है। लेखा परीक्षा में ऑफलाईन कोषवही एवं बैंक स्टेटमेंट के अतिरिक्त शेष अन्य सभी अभिलेख यथा इस्टीमेट, व्यय प्रमाणक, एम0बी0, परिसम्पत्ति रजिस्टर, कार्यवाही पुस्तिका, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, टेण्डर, कोटेशन आदि प्रस्तुत नहीं रहे, जिससे कार्यों एवं व्ययों की पुष्टि नहीं की जा सकी।

ग्राम पंचायत हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई सम्पूर्ण धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि की वसूली ब्याज सहित प्रधान एवं सचिव से की जाएगी ।

अत:14 वॉ /15 वॉ वित्त आयोग (केन्द्रीय वित्त आयोग) के अंतर्गत व्यय धनराशि रूपया 358803-00 की वसूली बराबर – बराबर प्रधान श्री रणजीत सिंह से रुपया 179401.50एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री राजमणि भारतीया से रुपया 179401.50तातारीख ब्याज (पी0एल0आर0 रेट + 2 प्रतिशत) सहित की जानी अपेक्षित है।

12- नाम ग्राम पंचायत --- ताजमल्लाहन विकास खंड ---कड़ा जनपद---कौशाम्बी ,वर्ष 2021-22

प्रस्तर 13- ग्राम पंचायत ताजमल्लाहन में वर्ष 2021-22 में 15 वॉ वित्त आयोग (केन्द्रीय वित्त आयोग), से निम्न विवरणानुसार ग्राम सभा में कूड़ादान अधिष्ठापनपर व्यय दर्शाया गया है। ,

क्र०	तिथि	धनराशि	भुगतान प्राप्त कर्ता
1	26-10-21	170000-00	जे० पी० इन्टरप्राइजेज
2	30-10-21	170900-00	जे० पी० इन्टरप्राइजेज
3	28-12-21	170900-00	जे० पी० इन्टरप्राइजेज
	योग	511800-00	

उक्त कूड़ादान अधिष्ठापनपर व्यय कुल रुपया 511800-00 के व्यय प्रमाणक, स्टाक रजिस्टर,परिसम्पत्ति रजिस्टर, कार्यवाही पुस्तिका,वित्तीय प्रशासनिक स्वीकृति , कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, टेण्डर/ कोटेशन आदि कोई अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहे, जिससे कूड़ादान की संख्या अज्ञात रही , कार्यों एवं व्ययों की पुष्टि नहीं की जा सकी।

ग्राम पंचायत हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई सम्पूर्ण धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि की वसूली ब्याज सहित प्रधान एवं सचिव से की जाएगी ।

अत:धनराशि रूपया 511800-00 की वसूली बराबर –बराबर प्रधान श्रीमती अनीता देवी से रुपया 255900-00 एवं ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती अर्चना सरोज से रुपया 255900-00 तातारीख ब्याज (पी0एल0आर0 रेट + 2 प्रतिशत) सहित की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर14- ग्राम पंचायत ताजमल्लाहन में वर्ष 2021-22 में 5 वॉ वित्त आयोग (राज्य वित्त आयोग), से निम्न विवरणानुसार स्ट्रीट लाइट क्रय पर व्यय दर्शाया गया है। ,

क्र०	तिथि	धनराशि	भुगतान प्राप्त कर्ता
1	26-10-21	196500-00	जे० पी० इन्टरप्राइजेज
2	30-10-21	196500-00	जे० पी० इन्टरप्राइजेज
3	15-11-21	196500-00	जे० पी० इन्टरप्राइजेज
	योग	589500-00	

उक्त स्ट्रीट लाइट क्रय पर व्यय कुल रुपया 589500-00 के व्यय प्रमाणक, स्टाक रजिस्टर,परिसम्पत्ति रजिस्टर, कार्यवाही पुस्तिका, वित्तीय प्रशासनिक स्वीकृति , कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, टेण्डर/ कोटेशन एवं विद्धुत विभाग से विद्धुत संयोजन सम्बन्धित पत्रावली आदि कोई अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहे, जिससे क्रय स्ट्रीट लाइट की संख्या व स्थान भी ज्ञात नहीं हो सका एवं व्ययों की भी पुष्टि नहीं की जा सकी।

यहाँ यह भी उल्लेख करना समीचीन होगा कि वर्ष दौरान कोष पंजिका में विद्धुत बिल भुगतान संबंधित कोई व्यय भी दर्शित नहीं है ।

ग्राम पंचायत हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई सम्पूर्ण धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि की वसूली ब्याज सहित प्रधान एवं सचिव से की जाएगी ।

अत: बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई धनराशि रूपया 589500-00 की वसूली बराबर –बराबर प्रधान श्रीमती अनीता देवी से रुपया 294750-00 एवं ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती अर्चना सरोज से रुपया 294750-00 तातारीख ब्याज (पी0एल0आर0 रेट + 2 प्रतिशत) सहित की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर15 -ग्राम पंचायत ताजमल्लाहन की कोष पंजिका वर्ष 2021-22 के अनुसार दिनाँक 08-12-21 को 15वॉ वित्त आयोग (केन्द्रीय वित्त आयोग) से रुपया 15620-00 मात्र प्रशासनिक कार्य पर व्यय दर्शित है । किन्तु प्रशासनिक मद के अंतर्गत क्या क्रय रहा अज्ञात रहा । प्रशासनिक मद पर व्यय रुपया15620-00 मात्र का व्यय प्रमाणक प्रस्तुत न किए जाने से क्रय सामग्री का नाम व मात्रा अज्ञात रही । रुपया 15620-00 मात्र का भुगतान पी एफ एम एस के माध्यम से श्री राजेश कुमार के बैंक खाते में स्थानांतरित रहा जबकि प्रशासनिक व्यय की धनराशि का भुगतान फर्म के खाते में किया जाना चाहिए न कि व्यक्ति विशेष के खाते में ।

ग्राम पंचायत हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई सम्पूर्ण धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि की वसूली ब्याज सहित प्रधान एवं सचिव से की जाएगी ।

अत:बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई धनराशि रूपया 15620-00 की वसूली बराबर –बराबर प्रधान श्रीमती अनीता देवी से रुपया 7810-00 एवं ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती अर्चना सरोज से रुपया 7810-00 तातारीख ब्याज (पी0एल0आर0 रेट + 2 प्रतिशत) सहित की जानी अपेक्षित है।

13- नाम ग्राम पंचायत --- निजाममई विकास खंड ---कड़ा जनपद---कौशाम्बी ,वर्ष 22-2021–

प्रस्तर -16-सामग्री का अनुपात पी० डब्लू० डी० नार्म (33 :67) के अनुसार नहीं रखा गया है स्पष्ट है कि सामग्री में व्यय कि गई धनराशि को बढ़ा चढ़ा कर दर्शाया गया है,साथ ही इस्टीमेट, व्यय प्रमाणक, मस्टर रोल ,एम0बी0, परिसम्पत्ति रजिस्टर, कार्यवाही पुस्तिका, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, टेण्डर / कोटेशन आदि कोई अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहे, जिससे कार्यों एवं व्ययों की पुष्टि नहीं की जा सकी।

क्र०	तिथि	व्यय विवरण	श्रम	सामग्री	योग	श्रम:सामग्री
अ	**पूर्वमा०वि० निजाममई का सौंदरीकरण मरम्मत कार्य**					
1	02-9-21	श्रमिकों को भुगतान	**17024-00**	**-**	**17024-00**	

2	02-9-21	**श्री कृष्णा ईट उद्योग को भुगतान**	**-**	**20944-00**	**20944-00**	
3	02-9-21	**न्यूभारत ईट उद्योग को भुगतान**	**-**	**34195-00**	**34195-00**	
4	02-9-21	**शिवाजी ट्रेडर्स को भुगतान**	**-**	**29553-00**	**29553-00**	
		योग	**17024-00**	**84692-00**	**101716-00**	**17:83**
ब	**करमअली के घर से राजू के घर तक इंटरलाकीग निर्माण कार्य**					
1	26-3-22	जौहर इन्टरप्राइजेज को भुगतान	**-**	**98478-00**	**98478-00**	
2	26-3-22	श्रमिकों को भुगतान	**17024-00**	**-**	**17024-00**	
		योग	**17024-00**	**98478-00**	**115502-00**	**15 :85**
		महायोग			**217218-00**	

ग्राम पंचायत हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई सम्पूर्ण धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि की वसूली ब्याज सहित प्रधान एवं सचिव से की जाएगी ।

अतः पी 0डब्लू 0डी 0नार्म के अनुसार श्रम एवं सामग्री पर व्यय न करके मनमाने ढंग सेअधिक बढ़ा चढ़ा कर व्यय कि गई धनराशि की वसूली एवं तत् - क्रम मे बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय दर्शित कि गई सम्पूर्ण धनराशि की वसूली अपेक्षित है।

अत:धनराशि रूपया 217218-00 की वसूली बराबर - बराबर प्रधान श्रीमती रुबीना बेगम से रुपया 108609-00 एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री वसीम अहमद से रुपया 108609-00 तातारीख ब्याज (पी0एल0आर0 रेट + 2 प्रतिशत) सहित की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर 17-ग्राम पंचायत निजाममई में वर्ष 2021-22 में 15 वॉ वित्त आयोग (केन्द्रीय वित्त आयोग) , से निम्न कार्यों में व्यय पर श्रम व सामग्री का अनुपात पी० डब्लू० डी० नार्म (33 :67) के अनुसार नहीं रखा गया है स्पष्ट है कि सामग्री में व्यय कि गई धनराशि को बढ़ा चढ़ा कर दर्शाया गया है,साथ ही इस्टीमेट, व्यय प्रमाणक, मस्टर रोल ,एम0बी0, परिसम्पत्ति रजिस्टर, कार्यवाही पुस्तिका, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, टेण्डर, कोटेशन आदि कोई अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहे, जिससे कार्यों एवं व्ययों की पुष्टि नहीं की जा सकी।

क्र०	तिथि	व्यय विवरण	श्रम	सामग्री	योग	श्रम:सामग्री
अ	**प्रकाश के घर से विश्वनाथ के घर तक इंटरलाकीग निर्माण कार्य**					
1	30-8-21	**जय मॉ वैष्णो ट्रेडर्स को भुगतान**	**-**	**48303-00**	**48303-00**	
2	30-8-21	**जय मॉ वैष्णो ट्रेडर्स को भुगतान**	**-**	**56672-00**	**56672-00**	
3	30-8-21	श्रमिकों को भुगतान	**18216-00**	**-**	**18216-00**	
		योग	**18216-00**	**104975-00**	**123191-00**	**15:85**
ब	**मस्जिद से समीम के घर तक इंटरलाकीग नाली निर्माण कार्य**					
1	10-9-21	श्रमिकों को भुगतान	**21276-00**	**-**	**21276-00**	
2	10-9-21	**श्री कृष्णा ईटउ द्योग को भुगतान**	**-**	**78848-00**	**78848-00**	
3	10-9-21	**न्यूभारत ईट उद्योग को भुगतान**	**-**	**30857-00**	**30857-00**	
4	10-9-21	**शिवाजी ट्रेडर्स को भुगतान**	**-**	**24904-00**	**24904-00**	
		योग	**21276-00**	**134609-00**	**155885-00**	
		महायोग			**279076-00**	

ग्राम पंचायत हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई सम्पूर्ण धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि की वसूली ब्याज सहित प्रधान एवं सचिव से की जाएगी ।

अतः पी 0डब्लू 0डी 0नार्म के अनुसारश्रम एवं सामग्री पर व्यय न करके मनमाने ढंग सेअधिक बढ़ा चढ़ा कर व्यय कि गई धनराशि की वसूली एवं तत् - क्रम मे बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय दर्शित कि गई सम्पूर्ण धनराशि की वसूली अपेक्षित है।

अत:धनराशि रूपया 279076-00 की वसूली बराबर - बराबर प्रधान श्रीमती रुबीना बेगम से रुपया 139538-00 एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री वसीम अहमद से रुपया 139538-00 तातारीख ब्याज (पी0एल0आर0 रेट से वसूल किया जाना अपेक्षित है |

14- नाम ग्राम पंचायत --- लोंहदा विकास खंड ---कड़ा जनपद---कौशाम्बी ,वर्ष22-2021–

प्रस्तर18- ग्राम पंचायत लोंहदा में वर्ष 2021-22 में राज्य वित्त आयोग, से व्यय "पुराइन के घर से विजय के घर तक इंटरलाकीग कार्य" पर श्रम व सामग्री का अनुपात पी० डब्लू० डी० नार्म (33 :67) के अनुसार नहीं रखा गया है ,साथ ही इस्टीमेट, व्यय प्रमाणक, मस्टर रोल ,एम0बी0, परिसम्पत्ति रजिस्टर, कार्यवाही पुस्तिका, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, टेण्डर / कोटेशन आदि कोई अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहे, जिससे कार्यों एवं व्ययों की पुष्टि नहीं की जा सकी।

क्र०	तिथि	व्यय विवरण	श्रम	सामग्री	योग	श्रम: सामग्री
1	**31-7-21**	शक्ति ब्रिकफील्ड को भुगतान	_	**7913-00**	**7913-00**	
2	**31-7-21**	ओम इन्टरप्राइजेज को भुगतान	_	**34839-00**	**34839-00**	
3	**31-7-21**	श्रमिकों को भुगतान	**6872-00**	_	**6872-00**	
		योग	**6872-00**	**42752-00**	**49624-00**	**14:86**

ग्राम पंचायत हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई सम्पूर्ण धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि की वसूली ब्याज सहित प्रधान एवं सचिव से की जाएगी ।

अत:धनराशि रूपया 49624-00 की वसूली बराबर - बराबर प्रधान श्री भोपनारायन पाल से रुपया 24812-00 एवं ग्राम विकास अधिकारी श्री रामगोविन्द से रुपया 24812-00 तातारीख ब्याज (पी0एल0आर0 रेट + 2 प्रतिशत) सहित की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर19- -ग्राम पंचायत लोंहदा में वर्ष 2021-22 में 15 वॉ वित्त आयोग (केन्द्रीय वित्त आयोग) , से निम्न कार्यों में व्यय पर श्रम व सामग्री का अनुपात पी० डब्लू० डी० नार्म (33 :67) के अनुसार नहीं रखा गया है ,साथ ही इस्टीमेट, व्यय प्रमाणक, मस्टर रोल ,एम0बी0, परिसम्पत्ति रजिस्टर, कार्यवाही पुस्तिका, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, टेण्डर, कोटेशन आदि कोई अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहे, जिससे कार्यों एवं व्ययों की पुष्टि नहीं की जा सकी।

क्र०	तिथि	व्ययविवरण	श्रम	सामग्री	योग	श्रम:सामग्री
अ	**रामसुमेर के घ रसे हीरा के घर तक इंटरलाकीग निर्माण कार्य**					
1	**31-7-21**	ओम इन्टरप्राइजेज को भुगतान	_	**107632-00**	**107632-00**	
2	**31-7-21**	शक्ति ब्रिकफील्ड को भुगतान	_	**21286-00**	**21286-00**	
3	**13-8-21**	श्रमिकों को भुगतान	**20624-00**	_	**20624-00**	
		योग	**20624-00**	**128918-00**	**149542-00**	**14:86**
ब	**प्र०वि०लोहदा परिसर मे इंटरलाकीग निर्माण कार्य**					
	4-8-21	ओम इन्टरप्राइजेज को भुगतान	_	**141029-00**	**141029-00**	
	4-8-21	शक्ति ब्रिकफील्ड को भुगतान	_	**16099-00**	**16099-00**	
	4-8-21	मानसी मौर्य टाइल्स को भुगतान	_	**3457-00**	**3457-00**	
	4-8-21	श्रमिकों को भुगतान	**25872-00**	_	**25872-00**	

		योग	**25872-00**	**160585-00**	**186457-00**	**14:86**
		महायोग			335999-00	

ग्राम पंचायत हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई सम्पूर्ण धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि की वसूली ब्याज सहित प्रधान एवं सचिव से की जाएगी ।

अत:धनराशि रूपया 335999-00 की वसूली बराबर - बराबर प्रधान श्री भोपनारायन पाल से रुपया 167999.50 एवं ग्राम विकास अधिकारी श्री रामगोविन्द से रुपया 167999.50 तातारीख ब्याज (पी0एल0आर0 रेट + 2 प्रतिशत) सहित की जानी अपेक्षित है।

15 - ..नाम ग्राम पंचायत --- अलीपुर जीता विकास खंड ---कड़ा जनपद---कौशाम्बी ,वर्ष 22-2021 -

प्रस्तर-20 -ग्राम पंचायत अलीपुर जीता में वर्ष 2021-22 में राज्य वित्त आयोग से निम्न कार्यों में व्यय पर श्रम व सामग्री का अनुपात पी० डब्लू० डी० नार्म (33 :67) के अनुसार नहीं रखा गया है स्पष्ट है कि सामग्री में व्यय कि गई धनराशि को बढ़ा चढ़ा कर दर्शाया गया है ,साथ ही इस्टीमेट, व्यय प्रमाणक, मस्टर रोल ,एम0बी0, परिसम्पत्ति रजिस्टर, कार्यवाही पुस्तिका, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, टेण्डर / कोटेशन आदि कोई अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहे, जिससे कार्यों एवं व्ययों की पुष्टि नहीं की जा सकी।

क्र०	तिथि	कोषबही के अनुसार व्यय विवरण	श्रम	सामग्री	योग	श्रम:सामग्री
अ	**गयाप्रसाद के घर से मनोज पांडे के घर तक नाली निर्माण कार्य**					
1	**17-8-21**	अनस इन्टरप्राइजेज को भुगतान	**-**	**14119-00**	**14119-00**	
2	**17-8-21**	**न्यूभारत ईट उद्योग को भुगतान**	**-**	**23448-00**	**23448-00**	
3	**30-8-21**	श्रमिकों को भुगतान	**8828-00**	**-**	**8828-00**	
		योग	**8828-00**	**37567-00**	**46395-00**	**19:81**
ब	**संतलाल के घर से पप्पूसिंह के घर तक नाली निर्माण कार्य**					
1	**17-8-21**	अनस इन्टरप्राइजेज को भुगतान	**-**	**19088-00**	**19088-00**	
2	**17-8-21**	**न्यूभारत ईट उद्योग को भुगतान**	**-**	**40156-00**	**40156-00**	
3	**30-8-21**	श्रमिकों को भुगतान	**15440-00**	**-**	**15440-00**	
		योग	**15440-00**	**59244-00**	**74684-00**	**21:80**
स	**प्रा०वि०अलीपुरजीता में शौचालय निर्माण कार्य**					
1	**18-1-22**	अनस इन्टरप्राइजेज को भुगतान	**-**	**11747-00**	**11747-00**	
2	**14-3-22**	श्रमिकों को भुगतान	**43776-00**	**-**	**43776-00**	
3	**14-3-22**	**न्यूभारत ईट उद्योग को भुगतान**	**-**	**42555-00**	**42555-00**	
4	**14-3-22**	**कौशल ट्रेडर्स को भुगतान**	**-**	**15945-00**	**15945-00**	
5	**14-3-22**	अनस इन्टरप्राइजेज को भुगतान	**-**	**59451-00**	**59451-00**	
		योग	**43776-00**	**129698-00**	**173474-00**	**25:75**
		महायोग			**294553-00**	

ग्राम पंचायत हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई सम्पूर्ण धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि की वसूली ब्याज सहित प्रधान एवं सचिव से की जाएगी ।

अतः पी0 डब्लू0 डी0 नार्म के अनुसार श्रम एवं सामग्री पर व्यय न करके मनमाने ढंग से अधिक बढ़ा चढ़ा कर व्यय कि गई धनराशि की वसूली एवं तत् - क्रम मे बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय दर्शित कि गई सम्पूर्ण धनराशि की वसूली अपेक्षित है।

अत:धनराशि रूपया 294553-00 की वसूली बराबर - बराबर प्रधान श्री रहबर से रुपया 147276.50 एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री वसीम अहमद से रुपया 147276.50 तातारीख ब्याज (पी0एल0आर0 रेट + 2 प्रतिशत) सहित की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर -21- ग्राम पंचायत अलीपुर जीता में वर्ष 2021-22 में 15 वॉ वित्त आयोग (केन्द्रीय वित्त आयोग) , से निम्न कार्यों में व्यय पर श्रम व सामग्री का अनुपात पी० डब्लू० डी० नार्म (33 :67) के अनुसार नहीं रखा गया है स्पष्ट है कि सामग्री में व्यय कि गई धनराशि को बढ़ा चढ़ा कर दर्शाया गया है ,साथ ही इस्टीमेट, व्यय प्रमाणक, मस्टर रोल ,एम0बी0, परिसम्पत्ति रजिस्टर, कार्यवाही पुस्तिका, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, टेण्डर, कोटेशन आदि कोई अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहे, जिससे कार्यों एवं व्ययों की पुष्टि नहीं की जा सकी।

क्र०	तिथि	कोषबही के अनुसार व्यय विवरण	श्रम	सामग्री	योग	श्रम:सामग्री
अ	**मतई के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य**					
1	**30-8-21**	श्रमिकों को भुगतान	**4816-00**	**-**	**4816-00**	
2	**30-8-21**	**न्यूभारत ईट उद्योग को भुगतान**	**-**	**8870-00**	**8870-00**	
3	**30-8-21**	अनस इन्टरप्राइजेज को भुगतान	**-**	**14431-00**	**14431-00**	
		योग	**4816-00**	**23301-00**	**28117-00**	**17:83**
ब	**राजेश के घर से मनोज के घर तक इंटरलाकीग निर्माण कार्य**					
1	**17-8-21**	**एम०एच०ट्रेडर्स को भुगतान**	**-**	**73180-00**	**73180-00**	
2	**17-8-21**	**न्यूभारत ईट उद्योग को भुगतान**	**-**	**29133-00**	**29133-00**	
3	**17-8-21**	अनस इन्टरप्राइजेज को भुगतान	**-**	**18000-00**	**18000-00**	
4	**30-8-21**	श्रमिकों को भुगतान	**21270-00**	**-**	**21270-00**	
		योग	**21270-00**	**120313-00**	**141583-00**	**15:85**
		महायोग			**169700-00**	

ग्राम पंचायत हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई सम्पूर्ण धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि की वसूली ब्याज सहित प्रधान एवं सचिव से की जाएगी ।

अतः पी0 डब्लू0 डी0 नार्म के अनुसार श्रम एवं सामग्री पर व्यय न करके मनमाने ढंग से अधिक बढ़ा चढ़ा कर व्यय कि गई धनराशि की वसूली एवं तत् - क्रम मे बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय दर्शित कि गई सम्पूर्ण धनराशि की वसूली अपेक्षित है।

अत:धनराशि रूपया 169700-00 की वसूली बराबर - बराबर प्रधान श्री रहबर से रुपया 84850-00 एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री वसीम अहमद से रुपया 84850-00 तातारीख ब्याज (पी0एल0आर0 रेट + 2 प्रतिशत) सहित की जानी अपेक्षित है।

16- नाम ग्राम पंचायत .....काजू..... विकास खंड .....मूरत गंज.....जनपद -कौशांबी

प्रस्तर-22 –ग्राम पंचायत काजू द्वारा वर्ष 2021-22 में राज्य वित्त आयोग के अनुदान की दिनांक 01-04-21 से 31-03-22 तक बैंक स्टेटमेंट के अनुसार कुल रूपया 28,49,916-00 का आहरण कर व्यय किया गया है, किन्तु ऑफ लाईन कोषवही केवल जनवरी 22, फरवरी 22 एवं मार्च 22 की प्रस्तुत की गई एवं इससे सम्बन्धित समस्त अन्य अभिलेख प्रस्तुत किए गए। शेष अप्रैल 21 से दिसम्बर 21 तक के अभिलेख यथा कोषवही, व्यय प्रमाणक, इस्टीमेट, एम0बी0 आदि कोई भी अभिलेख, बैंक स्टेटमेंट को छोडकर प्रस्तुत नहीं किए गए। कारण पूछने पर वर्तमान सचिव श्री मैकू लाल द्वारा बताया गया कि इस ग्राम

पंचायत में वह जनवरी 22 से चार्ज में आए है तब से उन्होंने अपने कार्यकाल के अभिलेख बनाए है और प्रस्तुत कर रहे हैं। अप्रैल 21 से दिसम्बर 21 तक ग्राम पंचायत काजू में ग्राम विकास अधिकारी श्री मुकेश गुप्ता कार्यरत थे और उनके द्वारा कोई अभिलेख चार्ज में नहीं दिए गए।

अतः अप्रैल 21 से दिसम्बर 21 तक व्यय की गई धनराशि रूपया 11,66,845-00 के कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं हुए। इस प्रकार रूपया 11,66,845-00 के व्यय एवं कार्यो की पुष्टि लेखा परीक्षा में नहीं की जा सकी।

रूपया 11,66,845-00 का व्यय श्री मुकेश कुमार गुप्ता ग्राम विकास अधिकारी एवं श्रीमती रागिनी सिंह प्रधान द्वारा किया गया, जिसके कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं रहे।

अतः बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई धनराशि रूपया 11,66,845-00 की वसूली वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई सम्पर्ण धनराशि को गबन मानते हुएप्रधान श्रीमती रागिनी सिंह एवं सचिव श्री मुकेश कुमार गुप्ता से संयुक्त रूप बराबर-बराबर तातारीख ब्याज (पी0एल0आर0रेट+2 प्रतिशत) सहित की जानी अपेक्षित है।

प्रस्तर-23—ग्राम पंचायत काजू का 2021-22 का 15 वे वित्तआयोग के अनुदान का बैंक स्टेटमेंट दिनांक 26-08-21 से 31-03-22 तक का प्रस्तुत रहा जबकि दिनांक 01-04-21 से 31-03-22 तक का प्रस्तुत किया जाना चाहिए था जो कि बार-बार मॉगे जाने के उपरान्त नहीं प्रस्तुत रहा। 15 वे वित्त आयोग की ऑफलाईन कोषवही मात्र जनवरी 22, फरवरी 22 एवं मार्च 22 की प्रस्तुत रही। अप्रैल 21 तक की कोषवही तत्समय के सचिव श्री मुकेश गुप्ता द्वारा वर्तमान सचिव को चार्ज में नहीं दी गयी। दिनांक 26-08-21 से 12-10-21 तक का 15 वें वित्त आयोग का अनुदान रूपया 14,48,316-00 का व्यय सचिव श्री मुकेश गुप्ता एवं प्रधान श्रीमती रागिनी सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से व्यय किया गया है जिसके कोई अभिलेख यथा कोषवही, व्यय प्रमाणक, इस्टीमेट, एम0बी0, स्टाक रजिस्टर आदि कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं रहे। अतः ग्राम पंचायतों हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्धन मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई सम्पर्ण धनराशि को गबन मानते हुए सम्पर्ण धनराशि रुपया 14,48,316-00 जोडा दिनांक 01-04-21 से 25-08-21 तक की धनराशि की वसूली तातारीख ब्याजसहित (पी0एल0आर0रेट+2 प्रतिशत) संयुक्त रूप से बराबर-बराबर प्रधान श्रीमती रागिनी सिंह एवं सचिव श्री मुकेश कुमार गुप्ता सेकी जानी अपेक्षित है।

17 - नाम ग्राम पंचायत .....हुसेनमई..... विकास खंड .....मूरतगंज.....जनपद.....कौशांबी.....

प्रस्तर-24—ग्रामपंचायत हुसैन मई में वर्ष 2021-22 में राज्य वित्त आयोग, 14 वॉ /15 वॉ वित्त आयोग से प्राप्त अनुदान में से कुल रूपया 5,66,238-00 का व्यय भुगतान ऑफलाईन कोषवही से दर्शित है। लेखा परीक्षा में ऑफलाईन कोषवही एवं बैंक स्टेटमेंट के अतिरिक्त कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं रहे। शेष अन्य सभी अभिलेख यथा इस्टीमेट, व्यय प्रमाणक, एम0बी0, परिसम्पत्ति रजिस्टर, कार्यवाही पुस्तिका, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, टेण्डर, कोटेशन आदि कोई अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहे, जिससे कार्यों एवं व्ययों की पुष्टि नहीं की जा सकी।

ग्राम पंचायतों हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्ध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार बिना व्यय प्रमाणकों के व्यय की गई सम्पर्ण धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि रूपया 5,66,238-00 की वसूली तातारीख ब्याज (पी0एल0आर0 रेट + 2 प्रतिशत) सहित प्रधान श्रीमती आरती देवी एवं सचिव श्री श्रवण कुमार मिश्र से बराबर बराबर की जानी अपेक्षित है।

18- नाम ग्राम पंचायत .....शाखा बरिपुर.....विकास खंड ..मूरतगंज..... जनपद.....कौशांबी.....

प्रस्तर-25-ग्रामपंचायत शाखा बरीपुर द्वारा वर्ष 2021-22 में राज्यवित्तआयोग, 14 वॉ /15 वॉ वित्तआयोग से प्राप्त अनुदान द्वारा कोषवही के अनुसार रूपया 28,22,052-00 का व्यय दर्शित है। लेखा परीक्षा में व्यय से सम्बन्धित निम्न अभिलेख बार-बार मॉगे जाने के उपरान्त उपलब्ध नहीं कराये गयें जिससे कराये गाये कार्यो एवं व्ययों की पुष्टि नहीं की जा सकी। अनुपलब्ध अभिलेखों का विवरण निम्न प्रकार से रहा-

1- ग्राम सभा की खुली बैठक में पारित प्रस्ताव की कार्य पंजिका।
2- इस्टीमेट।

3- व्यय प्रमाण (सामग्री खरीद)।
4- मस्टर रोल (मजदूरी भुगतान)।
5- एम0बी0।
6- कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र।
7- परिसम्पत्ति रजिस्टर।
8- निर्माण रजिस्टर।
9- स्टाक रजिस्टर।
10- टेण्डर/कोटेशन।
11- मानदेय रजिस्टर।

उक्त अभिलेख प्रस्तुत करने का दायित्व , लेखा मैनुअल के पृष्ठ 36 पैरा 7 के अनुसार प्रधान एवं सचिव का संयुक्त दायित्व था किन्तु दायित्व का निर्वहन नहीं किया गया। ग्राम पंचायतों हेतु वित्त एवं लेखा प्रबन्धन मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार बिना व्यय प्रमाणकों एवं मस्टर रोलों के व्यय की गई धनराशि को गबन मानते हुए धनराशि रूपया 28,22,052-00 की वसूली बराबर-बराबर प्रधान श्रीमती अलफिया बानों एवं सचिव श्री नितिन कुमार सिंह से तातारीख ब्याज(पी0एल0आर0 रेट + 2 प्रतिशत) सहित की जानी अपेक्षित है।

उक्त व्यय विवरण, कोषवही में दर्शित के अनुसार में निम्न तकनीकी आपत्तियॉ भी प्रकाश में आई-

1- दिनांक रहित 4/2021 में रूपया 13500-00 का भुगतान प्रशासनिक मद पद व्यय कोषवही से खारिज है, किन्तु व्यय प्रमाणक उपलब्ध नहीं रहा, जिससे इस बात का संज्ञान नहीं हो सका कि प्रशासनिक मद के अन्तर्गत क्या क्रय रहा? क्रय सामग्री का नाम और मात्रा अज्ञात रही। पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से धनराशि रूपया 13500-00 किसी ''विकास'' नाम के व्यक्ति को भुगतान रही। जबकि क्रय सामग्री का भुगतान फर्म को किया जाना चाहिए था न कि व्यक्ति विशेष के खाते में। धनराशि पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से स्थानान्तरित की जानी चाहिए।

2- दिनांक 23-08-2021 को विद्यालय शाखा बरीपुर में रनिंगवाटर सप्लाई का भुगतान रूपया 21232-00 फर्म को न कर किसी ''गुलाब सिंह'' नाम के व्यक्ति के बैंक खाते में पी0एफ0एम0एस0 से किया गया है। उक्त प्रोजेक्ट में पुनः दिनांक 10-11-2021 को रूपया 5600-00 '' गंगाराम'' को मजदूरी एवं रूपया 70625-00 सामग्री हेतु ''भारत मशीनरी'' स्टोर को भुगतान किया गया है।

3- दिनांक 01-11-2021 को केन्द्रिय वित्त आयोग की धनराशि रूपया 22550-00 का भुगतान डी0सी0 के घर के पास हैण्ड पम्प रिबोर कार्य पर ''भारत मशीनरी स्टोर'' को एवं रूपया 18250-00 के घर के पास ''हैण्ड पम्प रिबोर मजदूरी'' का भुगतान ''गंगाराम'' को किया गया है। स्पष्ट है कि फजी भुगतान दर्शाकर धनराशि रूपया 22550+18250=40800-00 का अपहरण किया गया है।

19- नाम ग्राम पंचायत-शमसाबाद, वि०ख० सिराथू, जनपद - कौशाम्बी

प्रस्तर-26 -ग्राम पंचायत शमसाबाद में वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में उपलब्ध अभिलेखों एवं प्रदत्त जानकारी के आधार पर सम्पन्न की गई, लेखा परीक्षा के दौरान कोषवही की जाँच पाया गया कि उक्त तिथियों में कोषवही में विवरण अंकित नहीं है और व्ययति धनराशि के सापेक्ष मजदूरी भुगतान पर कोई व्यय खारिज नहीं है।

सामग्री खरीद के व्यय प्रमाणक एवं अन्य अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहे, जिससे सामग्री का नाम, दर एवं मात्रा अज्ञात रही।

विवरण निम्न प्रकार है :-

क्र.सं.	दिनांक	कोष पंजिका में अंकित विवरण	धनराशि	भुगतान प्राप्तकर्ता (पी.एम.एफ.एस. द्वारा)
1.	04-02-2022	विवरण अंकित नहीं।	1,12,627-00	आंकड़े उपलब्ध नहीं।
2.	04-02-2022	विवरण अंकित नहीं।	1,67,945-00	आंकड़े उपलब्ध नहीं।
3.	04-02-2022	विवरण अंकित नहीं।	10,400-00	आंकड़े उपलब्ध नहीं।
4.	04-02-2022	विवरण अंकित नहीं।	28,940-00	आंकड़े उपलब्ध नहीं।

5.	09-02-2022	पंचायत भवन में व शौचालय में विद्युत वायरिंग सामग्री	1,32,940-00	चंदेल ब्रदर्स सोलर सिस्टम
6.	09-02-2022	विवरण अंकित नहीं।	51,000-00	आँकड़े उपलब्ध नहीं
7.	09-02-2022	विवरण अंकित नहीं।	1,32,990-00	चंदेल ब्रदर्स सोलर सिस्टम
8.	09-02-2022	विवरण अंकित नहीं।	1,24,000-00	आँकड़े उपलब्ध, नहीं
		योग	**7,60,842-00**	

उक्त परियोजनाओं से सम्बंधित कोषवही में केवल सामग्री क्रय पर व्यय दर्शाया गया है जिसके व्यय प्रमाणक आदि अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये जाने से कराये गये कार्य एवं व्यय की पुष्टि नहीं होती है और मजदूरी पर कोषवही में कोई भुगतान खारिज न होने से स्वयं में स्पष्ट है कि सामग्री खरीद फर्जी दर्शायी गयी है।

अतः राजकीय अनुदान रु. 7,60,842-00 का अपहरण किया गया है।

इस प्रकार उक्त 8 लाभार्थियों को रु0 48000.00 शौचालय हेतु अनियमित रूप से व्यय किया गया है। उपरोक्त अनियमितता हेतु ग्राम प्रधान श्रीमती कृष्णावाती देवी एवं सचिव श्री शशिकांत उत्तरदायी है। विशेषकर जिन पर राजकीय नियमों के पालन का दायित्व है। अतः उक्त अनियमितता हेतु विभागीय कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

39-ग्राम पंचायत – जमुनीपुर
विकास क्षेत्र – सकलडीहा
वर्ष - 2021-2022

प्रस्तर -56 ग्राम पंचायत- जमुनीपुर, विकास खंड- सकलडीहा, जनपद- चंदौली में वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्नांकित अपहरण/गबन प्रकाश में आया है -

1- कार्य का नाम - सफाई कर्मी का सफाई सामग्री, क्रय हेतु भुगतान -

दिनांक	सामग्री	धनराशि	भुगतान
25.01.2022	कैशबुक में अंकित नहीं	58210.00	वी.एस. कन्सटक्शन

राज्य वित्त की रोकड़बही के अनुसार उक्त कार्य की आई.डी. - 53479885 एवं काल्पनिक बाउचर संख्या - 12 के द्वारा रु 58210.00 सफाई सामग्री के नाम पर रोकड़बही में दर्ज है। किन्तु कौन-कौन सा सामग्री क्रय किया गया इसका विवरण रोकड़बही में नहीं अंकित था और न ही रोकड़बही में अंकित बाउचर संख्या- 12 का कोई प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत किया गया।

सफाई सामग्री इसके पूर्व कब क्रय किया गया था और उसके उपभोग की स्थिति अज्ञात रही।

सफाई कर्मी को क्रय की गयी सामग्री को हस्तगत कराने का कोई प्रमाण लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहा, क्रय के वित्तीय औचित्य की पुष्टि हेतु कोटेशन भी प्राप्त नहीं हे।

इससे स्पष्ट होता है कि रु 58210.00 प्रमाणक विहीन व्यय दर्शित करके अपहरण प्रधान एवं सचिव द्वारा कर लिया गया है, लेखा मैनुअल 8(क) के अनुसार प्रधान श्री विनोद कुमार एवं सचिव श्री विकास कुमार से मय ब्याज सहित आधे-आधे धनराशि की वसूली किया जाना अपेक्षित है।

40-ग्राम पंचायत – चांदपुर
विकास क्षेत्र – सकलडीहा
वर्ष - 2021-2022

प्रस्तर -57 ग्राम पंचायत- चांदपुर, विकासखंड- सकलडीहा, जनपद- चंदौली में वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्नांकित अपहरण/ गबन प्रकाश में आया है। अतः आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है ।

1- ग्राम पंचायत में हैण्डपम्प रिबोर कार्य पर भुगतान जिसपर निम्नांकित आपत्तियां है -

दिनांक	धनराशि	सामग्री	प्रमाणक	अन्य (भुगतान)
25.05.2021	59120.00	नाम/संख्या अंकित नहीं	प्रमाणक विहीन	बजरंग इन्टरप्राइजेज (कैशबुक के अनुसार)

आपत्ति

1- राज्य वित्त की रोकड़बही में उपरोक्त हैण्डपम्प रिबोर का भुगतान पी.एफ.एम.एस. द्वारा किया गया है परन्तु कैशबुक के अनुसार भुगतान प्राप्तकर्ता बजरंग इन्टरप्राइजेज को कोई बाउचर/प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहा।

2- रोकड़बही में उक्त रिबोर ग्राम पंचायत में कहां तथा किस स्थान पर किया गया उल्लिखित नहीं है।

3- रिबोर कार्य की पुष्टि हेतु जल प्रबन्धन समिति का अनुमोदन कार्यवाही रजिस्टर एवं रिबोर हेतु आवेदन पत्र आदि लेखा परीक्षा में नहीं रखे गये।

4- लेखा परीक्षा में स्टाक रजिस्टर, कार्यपूर्ति, परिसम्पत्ति रजिस्टर एवं भौतिक सत्यापन तथा निरीक्षण पत्र आदि भी अनुपलब्ध रहे।

5- रिबोर में प्राप्त निष्प्रयोज्य सामग्री का विवरण भी प्रस्तुत नहीं किया गया।

इस प्रकार प्रमाणक विहीन व्यय दर्शाकर रु0 59120.00 का अपहरण प्रधान एवं सचिव द्वारा कर लिया गया है। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार उक्त धनराशि मय ब्याज सहित प्रधान, श्री राम अवध यादव तथा सचिव श्री अशोक कुमार से आधा-आधा वसूल किया जाना अपेक्षित है।

41-ग्राम पंचायत – दुदौली
विकास क्षेत्र – सकलडीहा
वर्ष - 2021-2022

प्रस्तर -58 ग्राम पंचायत- दुदौली, विकासखंड- सकलडीहा, जनपद- चंदौली में वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्नांकित अपहरण/ गबन प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया जाता है ।

1- पूर्व प्रधान श्री बजरंगी का मानदेय का भुगतान -

दिनांक	धनराशि	प्रमाणक	भुगतान
23.09.2021	10500.00	प्रमाणक विहीन	पूर्व प्रधान श्री बजरंगी
योग	**10500.00**		

1- राज्य वित्त की कैशबुक के अनुसार भुगतान राशि रु 10500.00 का भुगतान पी.एफ.एम.एस के माध्यम से किया गया है परंतु इसकी पुष्टि हेतु कोई प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया।

2- पूर्व प्रधान श्री बजरंगी का कार्यकाल वर्ष 2020 में ही समाप्त हो गया। कार्यकाल समाप्त होने के 2 वर्ष बाद मानदेय भुगतान का औचित्य अस्पष्ट रहा।

3- पूर्व प्रधान के द्वारा मानदेय भुगतान के संदर्भ में कोई पत्राचार किया गया इसकी पुष्टि हेतु कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। साथ ही साथ मानदेय भुगतान रजिस्टर भी लेखा परीक्षा में नहीं प्रस्तुत किया गया।

4- मानदेय का भुगतान कब से कब तक था इसका भी उल्लेख रोकड़ बही में नहीं था।

अतः प्रमाणक विहीन व्यय दर्शाकर उक्त धनराशि रु0 10500.00 का प्रधान एवं सचिव द्वारा अपहरण कर लिया गया है। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार उक्त धनराशि मय ब्याज सहित प्रधान, श्री अरविन्द कुमार राय तथा सचिव श्री सुभाष भारती से आधा-आधा वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर -59 ग्राम पंचायत दुदौली में हैंडपंप रिबोर कार्य पर निम्न आपत्तियां हैं ।

दिनांक	धनराशि	सामग्री	प्रमाणक	अन्य
13.10.2021	49568.00	कोषबही में अंकन नहीं	प्रमाणक विहीन	जयभीम इंटरप्राइजेज
13.10.2021	49568.00	कोषबही में अंकन नहीं	प्रमाणक विहीन	जयभीम इंटरप्राइजेज
09.11.2021	53232.00	कोषबही में अंकन नहीं	प्रमाणक विहीन	जयभीम इंटरप्राइजेज
13.12.2021	53232.00	कोषबही में अंकन नहीं	प्रमाणक विहीन	जयभीम इंटरप्राइजेज
योग	**205600.00**			

1- राज्य वित्त की रोकड़ बही में उपरोक्त हैंडपंप रिबोर ग्राम पंचायत में अलग-अलग की गई जिसका भुगतान पी.एफ.एम.एस के माध्यम से किया गया कैशबुक के अनुसार उपरोक्त चारों भुगतान जय भीम इंटरप्राइजेज को किया गया परंतु इसका वाउचर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहा।

2- रोकड़ बही में रिबोर ग्राम पंचायत में कहां-कहां किया स्थान का विवरण अंकित नहीं है।

3- उक्त कार्य की पुष्टि हेतु जल प्रबंधन समिति का अनुमोदन कार्यवाही रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किया गया।

4- लेखा परीक्षा में स्टॉक रजिस्टर, कार्यवाही रजिस्टर, भौतिक सत्यापन/ निरीक्षण पत्र कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र आदि नहीं प्रस्तुत किए गए।

5- रिबोर में प्राप्त निष्प्रयोज्य सामग्री का विवरण भी प्रस्तुत नहीं किया गया। इस प्रकार प्रमाणक विहीन व्यय दर्शाकर रु0 205600.00 का अपहरण प्रधान एवं सचिव द्वारा कर लिया गया है। वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार उक्त धनराशि मय ब्याज सहित प्रधान, श्री अरविन्द कुमार राय तथा सचिव श्री सुभाष भारती से आधा-आधा वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर -60

3- रोकड़ बही में माह जनवरी 2022 का रिक्त (आय-व्ययक)

राज्य वित्त की रोकड़बही में माह जनवरी 2022 आय एवं व्यय में कुछ भी अंकित नहीं किया गया है जबकि दिनांक 11.01.2022 को बैंक स्टेटमेंट के अनुसार रु 6000.00 पी.एफ.एम.एस द्वारा आहरित किया गया है। लेखा परीक्षा में इसकी पुष्टि हेतु कोई प्रमाणक/अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया ।

इस प्रकार प्रमाणक विहीन व्यय दर्शाकर रु0 6000.00 का अपहरण प्रधान एवं सचिव द्वारा किया गया है । वित्त लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार उक्त धनराशि मय ब्याज सहित प्रधान, श्री अरविन्द कुमार राय तथा सचिव श्री सुभाष भारती से आधा-आधा वसूल किया जाना अपेक्षित है।

42-ग्राम पंचायत – नरायनपुर
विकास क्षेत्र – सकलडीहा
<u>वर्ष - 2021-2022</u>

प्रस्तर -61 ग्राम पंचायत- नरायनपुर, विकासखंड- सकलडीहा, जनपद- चंदौली में वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्नांकित गबन एवं अपहरण प्रकाश में आया है। आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है ।

ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में कार्यालय स्थापना हेतु सामग्री का भुगतान रोकड़ बही के अनुसार ID - 54491873 है । इस पर आपत्तियां अग्रलिखित है -

दिनांक	धनराशि	सामग्री	प्रमाणक	अन्य (भुगतान)
31.12.2021	95000.00	कुर्सी, टेबुल, कम्प्यूटर आदि	प्रमाणक नहीं	शुभम इलेक्ट्रॉनिक्स (रोकड़ बही के अनुसार)
31.12.2021	20000.00	कुर्सी, टेबुल, कम्प्यूटर आदि	प्रमाणक नहीं	शुभम इलेक्ट्रॉनिक्स (रोकड़ बही के अनुसार)
31.12.2021	60000.00	कुर्सी, टेबुल, कम्प्यूटर आदि	प्रमाणक नहीं	शुभम इलेक्ट्रॉनिक्स (रोकड़ बही के अनुसार)
योग	**175000.00**			

1- कार्य का प्रस्ताव, प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति उपलब्ध नहीं थी।

2- लेखा परीक्षा में क्रय प्रमाणक एवं क्रय आदेश प्रस्तुत नहीं किया गया।

3- टेंडर व सत्यापन तथा निरीक्षण पत्र आदि भी उपलब्ध नहीं रहा।

4- रोकड़ बही में कुर्सी, टेबुल, कम्प्यूटर आदि क्रय के संबंध में फर्म का नाम शुभम इलेक्ट्रॉनिक्स अंकित है जिसका वाउचर उपलब्ध नहीं था तथा उक्त फर्म से फर्नीचर खरीदने का औचित्य अस्पष्ट है।

5- जब एक ही फर्म से एक ही दिनांक में सामग्री क्रय करना था तो उसके लिए अलग-अलग धनराशि का औचित्य भी स्पष्ट नहीं रहा।

उपर्युक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि बिना प्रमाणक एवं वित्तीय नियमों का पालन किए बिना रु 175000.00 का गबन प्रधान/सचिव द्वारा किया गया है। अतः उक्त धनराशि लेखा मैनुअल 8(क) के अनुसार ब्याज सहित प्रधान श्री दिलीप राय तथा सचिव श्री दुर्गेश सिंह से वसूल किया जाना अपेक्षित है।

43-ग्राम पंचायत – पिपरी
विकास क्षेत्र – सकलडीहा
<u>वर्ष - 2021-2022</u>

प्रस्तर -62 ग्राम पंचायत- पिपरी, विकासखंड- सकलडीहा, जनपद- चंदौली में वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में राज्य वित्त के लेखा परीक्षा में निम्न गबन/अपहरण प्रकाश में आया है। आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है ।

1- राज्य वित्त के रोकड़ बही में अंकित कार्य- पूल से रामू के खेत तक इण्टरलाकिंग कार्य -

दिनांक	धनराशि	सामग्री	भुगतान	प्रमाणक
04.08.2021	313061.00	(नाम/मात्रा/दर) कुछ भी अंकित नहीं	सिंह इण्टरप्राइजेज	प्रमाणक विहीन
09.08.2021	113388.00	(नाम/मात्रा/दर) कुछ भी अंकित नहीं	सिंह इण्टरप्राइजेज	प्रमाणक विहीन
योग	426449.00			

उपरोक्त कार्य पर निम्नांकित आपत्तियां दर्ज है।

1- उक्त कार्य की आईडी रोकड़बही में अंकित नहीं है जबकि ई-ग्राम स्वराज के अनुसार आईडी 53534127 अंकित है।

2- उपरोक्त व्यय धनराशि से कौन-कौन सी सामग्री एवं उसका दर तथा मात्रा/संख्या कोषबही में अंकित नहीं था।

3- रु 313061.00 का भुगतान सिंह इंटरप्राइजेज को किया गया, जिसका बाउचर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया।

4- रु 113388.00 का भुगतान रोकड़बही के अनुसार सिंह इंटरप्राइजेज को किया गया है जबकि ई-ग्राम स्वराज में साक्षी कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर अंकित है। बाउचर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया।

5- उक्त कार्य की कार्य योजना, एम0बी0, इस्टीमेट आदि प्रमुख अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए।

6- उक्त कार्य की कार्यपूर्ति/क्रय आदेश, कोटेशन आदि भी नहीं थे।

7- उक्त कार्य का स्टॉक रजिस्टर, परिसम्पत्ति रजिस्टर, निरीक्षण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया।

8- माह अगस्त 2021 में ही सामग्री रु 426449.00 की क्रय किया गया परंतु मजदूरी वर्षांत तक नहीं दिया गया।

उक्त आपत्तियों से स्पष्ट होता है कि बिना नियमों के पालन एवं प्रमाणक विहीन व्यय दर्शाकर धनराशि रु0 426459.00 का अपहरण कर लिया गया है। इसलिए लेखा मैनुअल 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार उक्त धनराशि ग्राम प्रधान श्रीमती अनुपमा एवं सचिव श्री जितेंद्र यादव से ब्याज सहित आधा-आधा वसूल किया जाना अपेक्षित है ।

44-ग्राम पंचायत – बहरवानी
विकास क्षेत्र – सकलडीहा
<u>वर्ष - 2021-2022</u>

प्रस्तर -63 ग्राम पंचायत- बहरवानी, विकासखंड- सकलडीहा, जनपद- चंदौली में वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्नांकित गबन/अपहरण प्रकाश में आया है। आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है ।

1- राज्य वित्त की रोकड़ बही में अंकित राजनाथ चौहान के घर से मुन्नी चौहान के घर तक मिटटी /खड़न्जा कार्य पर निम्न आपत्तियां दर्ज की गई हैं।

दिनांक	धनराशि	सामग्री	भुगतान	प्रमाणक
30.08.2021	61697.00	कुछ भी अंकित नहीं	जयभीम इण्टरप्राइजेज	प्राप्त नहीं
03.09.2021	6549.00	कुछ भी अंकित नहीं	भोलानाथ	प्राप्त नहीं
योग	**68246.00**			

1- रोकड़ बही में आईडी अंकित नहीं है ई-ग्राम स्वराज में इस कार्य की आईडी 53876496 है।

2- रोकड़ बही कार्य का नाम राजनाथ चौहान अंकित है जबकि ई ग्राम स्वराज में रामजतन चौहान अंकित है।

3- उपर्युक्त कार्य की कार्य योजना, एम0बी0, इस्टीमेट आदि प्रमुख अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किए गए।

4- उक्त कार्य की कार्यपूर्ति/क्रय आदेश, कोटेशन, क्रय प्रमाणक भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहे।

5- उक्त कार्य का स्टॉक रजिस्टर, परिसंपत्ति रजिस्टर, निरीक्षण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया।

6- उक्त में दिनांक 03.09.2021 को रु 6549.00 भोलानाथ को दिया गया किस कार्य हेतु या सामग्री के लिए दिया गया अंकित नहीं है जबकि ई ग्राम स्वराज के अनुसार मिट्टी क्रय हेतु दिया गया है परंतु इसका क्रय प्रमाणक प्रस्तुत नहीं रहा।

7- उक्त कार्य में वर्षान्त तक कोई मजदूरी भी नहीं दी गई है।

अतः उपरोक्त आपत्तियों से स्पष्ट होता है कि नियमों का पालन न करते हुए तथा बिना प्रमाणक व्यय दर्शित कर उक्त धनराशि रु0 68246.00 का अपहरण कर लिया गया है। लेखा मैनुअल 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार उक्त धनराशि प्रधान श्री जयप्रकाश तथा सचिव श्री सुभाष चंद्र भारती से ब्याज सहित आधा-आधा वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर -64 राज्य वित्त से ग्राम पंचायत कार्यालय हेतु क्रय सामग्री-

दिनांक	धनराशि	सामग्री	भुगतान	प्रमाणक
06.12.2021	54000.00	कुर्सी,मेज, आलमारी	आर्शीवाद इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इण्टरप्राइजेज	अप्राप्त

उक्त कार्य पर आपत्तियां निम्नवत् है -

1- राज्य वित्त से क्रय सामग्री का रोकड़ बही में कोई आईडी अंकित नहीं है जबकि ई-ग्राम स्वराज में आईडी 47854346 अंकित है। ई-ग्राम स्वराज में ग्राम पंचायत कार्यालय के स्थान पर पंचायत भवन अंकित है।

2- कार्य का प्रस्ताव, प्रशासनिक वित्तीय स्वीकृत उपलब्ध नहीं थी।

3- लेखा परीक्षा में क्रय प्रमाणक एवं क्रय आदेश उपलब्ध नहीं थे।

4- लेखा परीक्षा में टेंडर, कोटेशन तथा सत्यापन एवं निरीक्षण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध नहीं थे।

इससे स्पष्ट होता है कि बिना प्रमाणक तथा वित्तीय नियमों के पालन किए बिना धनराशि रु0 54000.00 का गबन कर लिया गया है लेखा मैनुअल 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार उक्त धनराशि ब्याज सहित ग्राम प्रधान श्री जयप्रकाश तथा सचिव श्री सुभाष चंद्र भारती से आधा-आधा वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर -65 पंचायत भवन में आलमारी, कंप्यूटर, कुर्सी, मेज कार्य का भुगतान-

दिनांक	धनराशि	सामग्री	भुगतान	प्रमाणक
04.02.2022	58000.00	कुर्सी,मेज, आलमारी, कंप्यूटर	आर्शीवाद इलेक्ट्रॉनिक्स	अप्राप्त
04.02.2022	63000.00	कुर्सी,मेज, आलमारी, कंप्यूटर	आर्शीवाद इलेक्ट्रॉनिक्स	अप्राप्त

केंद्रीय वित्त के रोकड़ बही में अंकित उक्त व्यय पर निम्नांकित आपत्तियां हैं-

1- रोकड़ बही में आईडी अंकित नहीं है ई ग्राम स्वराज में आईडी 55952005 अंकित है।

2- राज्य वित्त से क्रय सामग्री रु 54000.00 तथा केंद्रीय वित्त द्वारा क्रय सामग्री एक ही भवन के लिए/ एक ही कार्य के लिए अलग-अलग आईडी से व्यय का औचित्य अस्पष्ट रहा ।

3- दिनांक 04.02.2022 को व्यय धनराशि रोकड़ बही में रु 53000.00 है जबकि बैंक एकाउन्ट तथा ई-ग्राम स्वराज में रु 63000.00 अंकित है।

4- उक्त कार्य का प्रस्ताव, प्रशासनिक वित्तीय स्वीकृति नहीं थी।

5- लेखा परीक्षा में उक्त सामग्री के क्रय प्रमाणक एवं क्रय आदेश उपलब्ध नहीं थे।

6- रोकड़ बही में भुगतान आशीर्वाद इलेक्ट्रॉनिक्स अंकित है जबकि ई-ग्राम स्वराज में शुभम इलेक्ट्रॉनिक्स को अंकित है इसका भी बाउचर प्राप्त नहीं रहा ।

इस प्रकार नियमों की अवहेलना करते हुए भ्रामक/ त्रुटिपूर्ण रोकड़ बही में अंकन कर कुल रु0 121000.00 का अपहरण कर लिया गया है। लेखा मैनुअल 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार उक्त धनराशि को ब्याज सहित ग्राम प्रधान श्री जयप्रकाश तथा सचिव श्री सुभाष चंद्र भारती से आधा-आधा वसूल किया जाना अपेक्षित है ।

45-ग्राम पंचायत – नागनपुर
विकास क्षेत्र – सकलडीहा
वर्ष - 2021-2022

प्रस्तर -66 ग्राम पंचायत- नागनपुर, विकासखंड- सकलडीहा, जनपद- चंदौली में वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्नांकित अपहरण प्रकाश में आया है। आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है ।

1- राज्य वित्त हैण्डपम्प मरम्मत कार्य-

दिनांक	धनराशि	सामग्री	भुगतान	प्रमाणक
20.10.2021	16000.00	अंकित नहीं	एस0आर0ट्रेडर्स	अप्राप्त

1- रु 16000.00 की धनराशि रोकड़ बही/बैंक एकाउन्ट से आहरित किया गया जिसे एस0आर0ट्रेडर्स को रोकड़ बही के अनुसार भुगतान भी किया गया है परंतु ई-ग्राम स्वराज में उक्त व्यय का अंकन नहीं है। इसका प्रमाणक भी लेखा परीक्षा में उपलब्ध नहीं था ।

2- रोकड़ बही में हैंडपंप मरम्मत हेतु सामग्री क्रय किया गया है परंतु कौन-कौन सी सामग्री क्रय की गई है उसकी संख्या, मात्रा और दर अंकित नहीं है।

3- उपरोक्त व्यय के संबंध में जल प्रबंधन समिति का अनुमोदन, कार्यवाही रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर एवं डेड स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं रहा।

4- उक्त कार्य की प्रक्रिया में जो निष्प्रयोज्य सामग्री प्राप्त हुई उसका भी विवरण नहीं दिया गया।

5- उक्त कार्य पर मजदूरी कितनी व्यय हुई उसका मस्टररोल भी प्रस्तुत नहीं किया है।

6- भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट भी प्रस्तुत नहीं की गई।

इससे स्पष्ट होता है कि प्रमाणक विहीन तथा नियम विरुद्ध तरीके से व्यय दर्शाकर धनराशि रु0 16000.00 का अपहरण कर लिया गया है। लेखा मैनुअल 8(क) के अनुसार उपरोक्त धनराशि ग्राम प्रधान श्रीमती सविता देवी तथा सचिव श्री गणेश अहीर से ब्याज सहित आधा-आधा वसूल किया जाना अपेक्षित है।

प्रस्तर -67 केन्द्रीय वित्त से दुलारे के घर से कल्लू के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य-

दिनांक	धनराशि	सामग्री	भुगतान	प्रमाणक
27.27.2021	65000.00	नाम, मात्रा तथा दर अंकित नहीं	महादेव इंटरप्राइजेज	अप्राप्त
25.08.2021	62000.00	नाम, मात्रा तथा दर अंकित नहीं	महादेव इंटरप्राइजेज	अप्राप्त
27.09.2021	39200.00	नाम, मात्रा तथा दर अंकित नहीं	महादेव इंटरप्राइजेज	अप्राप्त
27.09.2021	60000.00	नाम, मात्रा तथा दर अंकित नहीं	महादेव इंटरप्राइजेज	अप्राप्त
योग	**226200.00**			

1- केंद्रीय वित्त के रोकड़ बही में अंकित उपरोक्त व्यय का कोई प्रमाणक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया।

2- रोकड़ बही में उक्त कार्य की वर्क आईडी अंकित नहीं थी जबकि ई-ग्राम स्वराज में आईडी 40664448 दर्शित है।

3- लेखा परीक्षा में उक्त कार्य की कार्ययोजना एवं कार्यवाही रजिस्टर नहीं प्रस्तुत किया गया।

4- उक्त कार्य की एम.बी, स्टीमेट, प्रशासनिक वित्तीय स्वीकृति आदि प्रस्तुत नहीं किया गया।

5- स्टॉक रजिस्टर, परिसम्पत्ति रजिस्टर, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, निरीक्षण पत्र, निविदा पत्रावली प्रस्तुत नहीं किया गया। उससे संबंधित मस्टर रोल भी नहीं रखा गया।

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि नियमों की अवहेलना करते हुए प्रमाणक विहीन व्यय दर्शाकर उक्त धनराशि रु0 226200.00 का गबन कर लिया गया है। लेखा मैनुअल 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार ग्राम प्रधान श्रीमती सविता देवी तथा सचिव श्री गणेश अहीर से ब्याज सहित आधा-आधा वसूल किया जाना अपेक्षित है।

46-ग्राम पंचायत – मलेवर
विकास क्षेत्र – नौगढ़
वर्ष - 2021-2022

प्रस्तर -68 ग्राम पंचायत- मलेवर, विकासखंड- नौगढ़, जनपद- चंदौली के वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्नांकित अपहरण प्रकाश में आया है। आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है ।

कार्य- राज्य वित्त की रोकड़बही में आय-व्यय पक्ष रिक्त -

दिनांक	धनराशि	सामग्री	प्रमाणक
15.07.2021	49950.00	अंकित नहीं	अप्राप्त

1- ग्राम पंचायत मलेवर के राज्य वित्त के बैंक स्टेटमेंट के अनुसार रु 49950.00 आहरित धन को कोषबही के व्यय पक्ष में अंकित नहीं किया गया है।

2- ई-ग्राम स्वराज में भी कुछ दर्शित नहीं है, इसलिए आईडी भी ज्ञात न हो सकी।

3- उक्त धनराशि किस कार्य एवं किस सामग्री पर व्यय किया गया पुष्टि हेतु कोई अभिलेख लेखा परीक्षा में प्राप्त नहीं हुए।

4- उक्त धनराशि का कोई स्टीमेट, कोटेशन, एम.बी और प्रमाणक नहीं प्राप्त हुए।

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि बिना प्रमाणक एवं वित्तीय नियमों का पालन किए बिना काल्पनिक व्यय दर्शाकर धनराशि 49950.00 का अपहरण कर लिया गया है जिसे लेखा मैनुअल 8(क) के अनुसार उक्त धनराशि प्रधान श्रीमती सुषमा यादव एवं सचिव श्री सौरभ कुमार से आधी-आधी ब्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

47-ग्राम पंचायत – देवखत

विकास क्षेत्र – नौगढ़

वर्ष - 2021-2022

प्रस्तर -69 ग्राम पंचायत- देवखत, विकासखंड- नौगढ़, जनपद- चंदौली के वित्तीय वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्नांकित अपहरण प्रकाश में आया है। आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है ।

कार्य का नाम- ग्राम पंचायत- देवखत के कार्य पर मजदूरी -

दिनांक	धनराशि	मजदूरी	प्रमाणक
18.02.2022	32000.00	श्रीनाथ (कैशबुक के अनुसार)	अप्राप्त

उपरोक्त व्यय पर निम्नांकित आपत्तियां दर्ज़ है।

1- उक्त कार्य की आईडी न तो कैशबुक (राज्य वित्त) न ही ई-ग्राम स्वराज में दर्शित है।

2- राज्य वित्त की रोकड़ बही में केवल देवखत में कार्य की मजदूरी ही अंकित है, कार्य का नाम नहीं लिखा है।

3- उक्त कार्य की कार्य योजना, एम.बी, इस्टीमेट आदि प्रस्तुत नहीं किया गया।

4- निविदा, कार्यपूर्ति/निरीक्षण पत्र आदि भी प्रस्तुत नहीं किया गया।

5- एकमुश्त धनराशि श्रीनाथ को क्यों और किस कार्य हेतु दिया गया अपुष्ट रहा। जबकि मजदूरी विभिन्न मजदूरों को दिया जाना चाहिए।

6- कार्य का मस्टररोल श्रमिकों की मजदूरी का दर, कार्य अवधि लेखा परीक्षा में नहीं प्राप्त हुआ।

7- मजदूरी कार्यरत मजदूरों के खातों में जाना चाहिए।

इससे स्पष्ट होता है कि बिना प्रमाणक एवं वित्तीय नियमों की अवहेलना करते हुए उक्त धनराशि रु0 32000.00 का अपहरण कर लिया गया है जिसे लेखा मैनुअल 8(क) के अनुसार धनराशि ग्राम प्रधान श्रीनाथ एवं सचिव श्री गुड्डू प्रसाद से आधी-आधी ब्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

48-ग्राम पंचायत – बरबसपुर

विकास क्षेत्र – नौगढ़

वर्ष - 2021-2022

प्रस्तर -70 ग्राम पंचायत- बरबसपुर, विकासखंड- नौगढ़, जनपद- चंदौली के वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्नांकित अपहरण प्रकाश में आया है। आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया जाता है ।

कार्य का नाम- ग्राम पंचायत में टैंकर मरम्मत पर भुगतान (केन्द्रिय वित्त) -

दिनांक	धनराशि	सामग्री	भुगतान	प्रमाणक

19.03.2022	50350.00	अंकित नहीं	मे0एन कन्सट्रक्शन	अप्राप्त

उपरोक्त व्यय पर आपत्तियां निम्नवत् है।

1- केन्द्रिय वित्त के रोकड़ बही में व्यय धनराशि से संबंधित कार्य की आईडी अंकित नहीं थी, ई-ग्राम स्वराज में आईडी 53734794 है।

2- टैंकर का मरम्मत करवाया गया परंतु उक्त टैंकर ग्राम पंचायत का था या नहीं इसकी पुष्टि हेतु कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए।

3- लेखा परीक्षा में स्टीमेट, एम.बी, स्टॉक रजिस्टर, परिसंपत्ति रजिस्टर आदि प्रस्तुत नहीं किए गए।

4- टैंकर मरम्मत से पूर्व की फोटो तथा मरम्मत उपरांत की फोटो एवं निरीक्षण पत्र भी प्रस्तुत नहीं किया।

5- व्यय धनराशि का प्रमाणक भी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं रहा।

6- ई-ग्राम स्वराज के कार्य विवरण में कुछ भी अंकित नहीं था।

उपर्युक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि बिना प्रमाणक एवं वित्तीय नियमों का पालन किए रु 50350.00 का अपहरण कर लिया गया है जो लेखा मैनुअल 8 के बिन्दु 8(क) के अनुसार गबन है जिसे प्रधान श्रीमती जलीमून बेगम तथा सचिव श्री सौरभ कुमार से आधी-आधी ब्याज सहित वसूल किया जाना अपेक्षित है।

49-ग्राम पंचायत – अमरा उ0

विकास क्षेत्र – चकिया

वर्ष - 2021-2022

प्रस्तर -71 ग्राम पंचायत- अमरा उ0, विकास खण्ड- चकिया, जनपद- चन्दौली की वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्न प्रकरण प्रकाश में आये है। जिनका विवरण निम्नवत है -

आलोच्य वर्ष में पांचवा राज्य वित्त आयोग से दिनांक 24.03.2022 व बाउचर नं0 पंचम राज्य वित्त आयोग /2021-22/पी/13 पर स्टेशनरी व्यय हेतु भुगतान रु 6000.00 किया जाना कैशबुक में दर्शित है। जिसकी पुष्टि में व्यय प्रमाणक, स्टॉक रजिस्टर लेखा परीक्षा मे प्रस्तुत नहीं किया गया। सामग्री क्रय पर भुगतान किस फर्म को दिया गया है कैशबुक में अंकित नहीं रहा। भुगतान से पूर्व निर्माण कार्य समिति की स्वीकृति नहीं ली गयी है।

ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के अनुच्छेद 8 (क) के अंतर्गत बिना विवरण एवं व्यय प्रमाणक के भुगतान कर धनराशि रु0 6000.00 का अपहरण किया गया है। अतः धनराशि रु0 3000.00 की वसूली ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी श्री संदीप गौतम एवं रु0 3000.00 की वसूली ग्राम प्रधान श्री राजेश से ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

50-ग्राम पंचायत – भरेहटा कला

विकास क्षेत्र – चकिया

वर्ष - 2021-2022

प्रस्तर -72 ग्राम पंचायत- भरेहटा कला, विकास खण्ड- चकिया, जनपद- चन्दौली की वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्न प्रकरण प्रकाश में आये है। जिनका विवरण निम्नवत है -

आलोच्य वर्ष में पांचवा वित्त आयोग से सफाई सामग्री हेतु दिनांक 01.12.2021 व बाउचर नं0 पंचम राज्य वित्त आयोग /2021-22/पी/2 से रु0 52365.00 का भुगतान कैशबुक में दर्शित किया गया

है। जिसकी पुष्टि में व्यय प्रमाणक, **कार्यवाही रजिस्टर,** स्टॉक रजिस्टर, वित्तीय स्वीकृति संबंधी अभिलेख लेखा परीक्षा मे प्रस्तुत नहीं किया गया। सामग्री क्रय पर भुगतान किस फर्म को दिया गया है कैशबुक में अंकित नहीं रहा। भुगतान से पूर्व निर्माण कार्य समिति की स्वीकृति नहीं ली गयी है।

ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के अनुच्छेद 8 (क) के अंतर्गत बिना विवरण एवं व्यय प्रमाणक के भुगतान कर धनराशि रु0 52365.00 का अपहरण किया गया है। अतः धनराशि रु0 26182.50 की वसूली ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी श्री संदीप गौतम एवं रु0 26182.50 की वसूली ग्राम प्रधान श्री संतोष से ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

51-ग्राम पंचायत – बुढवल
विकास क्षेत्र – चकिया
वर्ष - 2021-2022

प्रस्तर -73 ग्राम पंचायत- बुढवल, विकास खण्ड- चकिया, जनपद- चन्दौली की वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्न प्रकरण प्रकाश में आये है। जिनका विवरण निम्नवत है -

1. आलोच्य वर्ष में पन्द्रहवा वित्त आयोग से प्रा0पा0 बुढवल में टाईल्स निर्माण कार्य पर सामग्री क्रय हेतु दिनांक 05.12.2021 व बाउचर नं0 पंद्रहवा वित्त आयोग /2021-22/पी /5 से रु0 46272.00 का भुगतान का व्यय कैशबुक में दर्शित किया गया है। जिसकी पुष्टि में कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, व्यय प्रमाणक, **कार्यवाही रजिस्टर, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति,** स्टॉक रजिस्टर, **मस्टररोल,** वित्तीय स्वीकृति संबंधी अभिलेख लेखा परीक्षा मे प्रस्तुत नहीं किया गया। सामग्री क्रय पर भुगतान किस फर्म को दिया गया है कैशबुक में अंकित नहीं रहा। भुगतान से पूर्व निर्माण कार्य समिति की स्वीकृति नहीं ली गयी है।

ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के अनुच्छेद 8 (क) के अंतर्गत बिना विवरण एवं व्यय प्रमाणक के भुगतान कर धनराशि रु0 **46272**.00 का अपहरण किया गया है। अतः धनराशि रु0 23136.00 की वसूली ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी श्री संदीप गौतम एवं रु0 23136.00 की वसूली ग्राम प्रधान श्री रामनरेश से ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

52-ग्राम पंचायत – डूही
विकास क्षेत्र – चकिया
वर्ष - 2021-2022

प्रस्तर -74 ग्राम पंचायत- डूही, विकास खण्ड- चकिया, जनपद- चन्दौली की वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्न प्रकरण प्रकाश में आये है। जिनका विवरण निम्नवत है -

आलोच्य वर्ष में पांचवा वित्त आयोग से ग्राम पंचायत में हैंडपंप मरम्मत कार्य हेतु क्रमशः दिनांक 23.04.2021 व बाउचर नं0 पंचम राज्य वित्त आयोग /2021-22/पी/1 से रु0 28000.00, दिनांक 07.12.2021 व बाउचर नं0 पंचम राज्य वित्त आयोग /2021-22/पी/6 से रु0 30000.00 एवं दिनांक 26.03.2022 व बाउचर नं0 पंचम राज्य वित्त आयोग /2021-22/पी /10 से रु0 42000.00 कुल रु 100000.00 का भुगतान कर व्यय कैशबुक में दर्शित किया गया है। जिसकी पुष्टि में कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, व्यय प्रमाणक, **कार्यवाही रजिस्टर, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति,** वित्तीय स्वीकृति संबंधी अभिलेख लेखा परीक्षा मे प्रस्तुत नहीं किया गया। सामग्री क्रय पर भुगतान किस फर्म को दिया गया है कैशबुक में अंकित नहीं रहा। भुगतान से पूर्व निर्माण कार्य समिति की स्वीकृति नहीं ली गयी है।

ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के अनुच्छेद 8 (क) के अंतर्गत बिना विवरण एवं व्यय प्रमाणक के भुगतान कर धनराशि रु0 100000.00 का अपहरण किया गया है। अतः धनराशि रु0 50000.00 की वसूली ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी श्री प्रमोद कुमार एवं श्री चन्द्र एवं रु0 50000.00 की वसूली ग्राम प्रधान श्रीमती पूनम सिंह से ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

53-ग्राम पंचायत – मोहम्मदाबाद
विकास क्षेत्र – चकिया
वर्ष - 2021-2022

प्रस्तर -75 ग्राम पंचायत- मोहम्मदाबाद, विकास खण्ड- चकिया, जनपद- चन्दौली की वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्न प्रकरण प्रकाश में आये है। जिनका विवरण निम्नवत है -

आलोच्य वर्ष में पांचवा राज्य वित्त आयोग से राम अवध जायसवाल के घर से रेंजर आफीस तक पक्की नाली सफाई व मरम्मत कार्य मजदूरी दिनांक 21.01.2022 व बाउचर नं0 पंचम राज्य वित्त आयोग /2021-22/पी/13, रु0 6120.00, दिनांक 21.01.2022 व बाउचर नं0 पंचम राज्य वित्त आयोग /2021-22/पी /15 से रु0 6120.00, दिनांक 21.01.2022 व बाउचर नं0 पंचम राज्य वित्त आयोग /2021-22/पी /16 से रु0 6120.00, दिनांक 21.01.2022 व बाउचर नं0 पंचम राज्य वित्त आयोग /2021-22/पी /17 से रु0 6120.00 दिनांक 21.01.2022 व बाउचर नं0 पंचम राज्य वित्त आयोग /2021-22/पी /18 से रु0 6120.00, कुल रु0 30600.00 का भुगतान का व्यय कैशबुक में दर्शित किया गया है। जिसकी पुष्टि में **मस्टररोल** लेखा परीक्षा मे प्रस्तुत नहीं किया गया। ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के अनुच्छेद 8 (क) के अंतर्गत बिना विवरण एवं व्यय प्रमाणक के भुगतान कर धनराशि रु0 30600.00 का अपहरण किया गया है। अतः धनराशि रु0 15300.00 की वसूली ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी श्री संदीप गौतम एवं रु0 15300.00 की वसूली ग्राम प्रधान श्रीमती सुनीता देवी से ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

54-ग्राम पंचायत – सोनहुल
विकास क्षेत्र – चकिया
वर्ष - 2021-2022

प्रस्तर -76 ग्राम पंचायत- सोनहुल, विकास खण्ड- चकिया, जनपद- चन्दौली की वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्न प्रकरण प्रकाश में आये है। जिनका विवरण निम्नवत है -

आलोच्य वर्ष में पन्द्रहवा वित्त आयोग से चन्द्रावती के घर के पास हैण्डपम्प रिबोर कार्य पर सामग्री क्रय हेतु दिनांक 30.11.2021 व बाउचर नं0 पन्द्रहवा वित्त आयोग /2021-22/P/7 से रु0 81000.00 का भुगतान का व्यय कैशबुक में दर्शित किया गया है। जिसकी पुष्टि में कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र, व्यय प्रमाणक, **कार्यवाही रजिस्टर, प्रशासनिक व तकनीकी स्वीकृति,** स्टॉक रजिस्टर, **मस्टररोल,** वित्तीय स्वीकृति संबंधी अभिलेख लेखा परीक्षा मे प्रस्तुत नहीं किया गया। सामग्री क्रय पर भुगतान किस फर्म को दिया गया है कैशबुक में अंकित नहीं रहा। भुगतान से पूर्व निर्माण कार्य समिति की स्वीकृति नहीं ली गयी है।

ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के अनुच्छेद 8 (क) के अंतर्गत बिना विवरण एवं व्यय प्रमाणक के भुगतान कर धनराशि रु0 81000.00 का अपहरण किया गया है। अतः धनराशि

रु0 40500.00 की वसूली ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी श्री संदीप गौतम एवं रु0 40500.00 की वसूली ग्राम प्रधान श्रीमती नीतू सिंह से ब्याज सहित किया जाना अपेक्षित है।

जनपद - गाजीपुर **मण्डल-वाराणसी**

प्रारूप - 4

नाम संस्था - ग्राम पंचायत **वर्ष - 2021-22**

ग्राम पंचायत - शिवदासी चक, विकास खंड - देवकली, जनपद - गाजीपुर

प्रस्तर - 1 ग्राम पंचायत - शिवदासी चक, विकास खंड - देवकली, ग्राम पंचायत - शिवदासी चक, विकास खंड - देवकली जनपद - गाजीपुर के वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा बैंक स्टेटमेंट/प्रियासॉफ्ट है ग्राम स्वराज की साइट पर अंकित व्यय धनराशि के आधार पर संपन्न की गई है। वास्तव में ग्राम पंचायत के द्वारा व्यय की इस धनराशि के सापेक्ष कोई भी अभिलेख और प्रमाणक उपलब्ध बार बार मांगे जाने के उपरांत भी प्रस्तुत नहीं किये गए है । 01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक लगातार जिला लेखा परीक्षा अधिकारी के अनुमोदित कार्यक्रम और मौखिक तथा टेलीफोनिक वार्ता तथा लिखित रूप से बार-बार अभिलेख प्रस्तुत करने की मांग के बावजूद लेखा परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर वर्तमान सक्षम अधिकारीयों के द्वारा कोई भी वास्तविक और ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्राम पंचायत शिवदाशी चक के द्वारा प्रियासॉफ्ट पर उक्त अंकित/व्यय धनराशि के सम्बन्ध में कार्यवाही पुस्तिका, कार्ययोजना, स्टीमेट, वर्क आई०डी० एम०बी०, कैशबक, पासबुक, बिल बाउचर, मस्टररोल, कार्यपूर्ति प्रमाण-पत्र, प्रधान मानेदय रजिस्टर, डायरेक्टी ऑफ वर्कस, विभिन्न समितियों जैसे नियोजन समिति व निर्माण समिति की संस्तुति. प्रियासॉफ्ट के 8 प्रपत्र प्राप्तियां व भुगतान लेखा, समेकित सार, बैंक समाधान विवरण, प्राप्ति व भुगतान योग विवरण, स्टॉक पंजिका, मांग व वसूली अवशेष पंजिका, अचल सम्पत्ति पंजिका व चल सम्पत्ति पंजिका आदि अभिलेख नहीं है। सम्भव है कि बैंक खाते से धनराशि का आहरण नकद किया गया हो या जिस व्यक्ति को भुगतान किया जाना रहा हो उसको न करके किसी अन्य को किया गया हो। अभिलेखों के अभाव में धनराशि का अपहरण, अनियमितता व दुरुपयोग के प्रकरणों की और अभिलेखों के सत्यता की जांच न की जा सकी।

पंचायतीराज विभाग उ०प्र० द्वारा जारी ग्राम पंचायतों में वित्त एवं लेखा प्रबंध लेखा मैनुअल के अध्याय 8 की धारा 8(क) में प्रावधान हैं कि "यदि दर्शाए गये व्यय के संबंध में कोई वाउचर उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो दर्शायी गयी व्यय धनराशि को गबन मानते हुए इस धनराशि की वसूली ग्राम प्रधान तथा सचिव ग्राम पंचायत से की जायेगी और वसूली के साथ-साथ जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 09 के अन्तर्गत गबन का मुकदमा भी चलाया जा सकेगा। उक्त प्रावधान के आलोक में ग्राम पंचायत द्वारा व्यय दर्शित धनराशि रु० 41828.00. गबन की श्रेणी में आती है। जिसकी वसूली अद्यतन ब्याज सहित आधी-आधी

तत्कालीन ग्राम प्रधान श्री राम नगीना व तत्कालीन ग्राम पं० सचिव श्री प्रफुल्ल कुमार सिंह से किया जाना अपेक्षित है।

(ख) उक्त के क्रम में तत्कालीन सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाना भी अपेक्षित है क्योंकि प्रथम दृष्टि से वर्तमान सहायक विकास अधिकारी पंचायत उतने ही दोषी है जितने कि तत्कालीन सहायक विकास अधिकारी पंचायत। क्योंकि इन अधिकारियों के द्वारा अपने पद के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया। यदि तत्कालीन सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने अपने भौतिक निरीक्षण सम्बन्धी दायित्व का निर्वहन सही से किया होता तो इस गबन को रोका जा सकता था।

(ग) वर्तमान सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने यह जानते हुए भी की तात्कालिक ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत की धनराशि का अपहरण किया गया है इसलिए आज भी ग्राम पंचायत में उस समय के कोई भी अभिलेख नहीं है के क्रम में कोई भी विधिक व प्रशासनिक कार्यवाही न तो किया गया और न ही शासन को अवगत कराया गया ।

(घ) गबन की धनराशि में जिनकी भी संलिप्तता है उनके विरुद्ध विधिक व प्रशासनिक कार्यवाही के साथ-साथ पंचायत लेखा मैनुअल के अनसार प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराया जाना अपेक्षित है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत के अपेक्षित समस्त अभिलेख उपलब्ध करने का संयुक्त दायित्व ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान का है।

ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबंध मैनुअल के अध्याय 8 के बिन्दु 7 अध्याय के बिन्दु 13 के अनुसार ग्राम पंचायत का संपेक्षण अनिवार्य रूप से प्रति वर्ष किया जाना है और किसी ग्राम पंचायत के द्वारा ऐसा करने से मना करने की दशा में ग्राम पंचायत को राज्य सरकार तथा भारत सरकार के द्वारा प्राप्त होने वाला अनुदान ऑडिट कराने तक अवमुक्त नहीं किया जायेगा और साथ साथ ग्राम प्रधान और सचिव ग्राम पंचायत के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी की जाएगी। एवं उ०प्र०पं०रा० अधिनियम 1947 के धारा 14-क के बिन्दु-1 पनिशमेंट फॉर फेल्यर टू हैंडओवर रिकॉर्ड्स एक्ट. और पंचायत राज अनुभाग एक के शासनादेश संख्या 06/2017/2325/33-1-2017-1988/17 01 दिसम्बर 2017 के तहत यथोचित कार्यवाही भी किया जाना अपेक्षित है। (सा०आ०क्रं०-01)

<u>ग्राम पंचायत - गेहूड़ी, विकास खंड -मरदह जनपद - गाजीपुर</u>

प्रस्तर - 2 ग्राम पंचायत - गेहूड़ी, विकास खंड -मरदह, जनपद - गाजीपुर के वर्ष 2021-22 की की लेखा परीक्षा में प्रकाश में आया कि दिनांक 30.10.2021 को आई०डी०नं० 54101237 से रु० 105000.00 की टाइल्स 'शिवा इंटरप्राइजेज' से क्रय की गयी है।

(क) लेखा मैनुअल अध्याय 7 पैरा एवं शासनादेश सं० 5038/ग-3377/47 पंचायत राज अनुभाग 3 दिनांक 11.07.1976 यथा संशोधित शासनादेश संख्या ए-1-864(1) दस 2008-15 (1) 86 दिनांक 23-09-2008 के अनुसार रु० एक लाख से अधिक मूल्य के सामग्री क्रय पर निविदा

आमंत्रित की जानी चाहिये। जबकि ग्राम पंचायत द्वारा रु० 105000.00 की टाइल्स क्रय के पूर्व निविदा आमंत्रित न कर वितीय अनियमितता की गयी है। जिसके लिये ग्राम प्रधान श्री बदन एवं सचिव श्री चन्द्रिका प्रसाद उत्तरदायी हैं। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्ध आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है।

<u>ग्राम पंचायत - बेलसड़ी, विकास खंड -मरदह जनपद - गाजीपुर</u>

प्रस्तर - 3 ग्राम पंचायत - बेलसड़ी, विकास खंड -मरदह, जनपद - गाजीपुर के वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में प्रकाश में आया कि दिनांक 05.01.2022 को आई०डी० नं० 54701716 से चन्द्रजीत राम के घर पर हैण्डपम्प रिबोर पर रू० 28055.00 का भुगतान 'अनिल मशीनरी स्टोर' को कैश बुक के अनुसार किया जाना दर्शित है इस पर निम्न आपति है।

(क) कैशबुक तथा प्रिया साफ्ट फीडिंग में इस बात का अंकन नहीं है कि कितने रुपये की सामग्री क्रय की गयी है और कितनी धनराशि मजदूरी में दी गयी है।

(ख) लेखा परीक्षा में हैण्डपम्प के लाभार्थी द्वारा हैण्डपम्प के खराब होने एवं उसके मरम्मत की मांग के सम्बन्ध में कोई विवरण लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया।

(ग) हैण्डपम्प रिबोर के उपरांत ग्राम सभा की जल प्रबंधन समिति का मरम्मत सम्बन्धी पुष्टि प्रमाण पत्र लेखा परीक्षा में अप्रस्तुत रहा।

(घ) हैण्डपम्प रिबोर के बाद निकले स्क्रैप का स्टॉक रजि० में अंकन नहीं किया गया है।

(ड़) रू० 28055.00 का भुगतान अनिल मशीनरी स्टोर को किया जाना दर्शित है लेखा परीक्षा में इस सम्बन्ध में कोई बिल/बाउचर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया अतः लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के प्रस्तर 8(क) तथा उ०प्र० पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम सं० 256 क के अनुसार यदि सम्बन्धित व्यय का कोई प्रमाणक प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो दर्शित व्यय धनराशि को अपहरण माना जायेगा।

अतः रू० 28055.00 का फर्जी भुगतान कर अपहरण किया गया है। जिस प्रति प्रधान श्रीमती अर्चना भारती से रु० 14027.50 तथा सचिव श्री चन्द्रिका प्रसाद से रु० 14027.50 ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है। (सा०आ०सं०-05)

<u>ग्राम पंचायत - पलहीपुर, विकास खंड -मरदह जनपद - गाजीपुर</u>

प्रस्तर - 4 ग्राम पंचायत - पलहीपुर, विकास खंड -मरदह जनपद - गाजीपुर के वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में प्रकाश में आया कि दिनांक 12.11.2021 को पन्द्रहवें वित्त खाते से आई०डी० नं० 50907427 से पंचायत भवन निर्माण कार्य हेतु सामग्री 'जय माँ दुर्गा बिल्डिंग मैटेरियल' से रु० 50941.00 की क्रय की गयी है। लेखा परीक्षा में 'जय माँ दुर्गा बिल्डिंग मैटेरियल' का बिल बाउचर अप्रस्तुत रहा। अतः लेखा मैनुअल के अध्याय 8 के प्रस्तर 8(क) तथा उ०प्र० पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम सं० 256 क के अनुसार यदि सम्बंधित व्यय का कोई प्रमाणक नहीं प्रस्तुत किया गया तो दर्शित व्यय की धनराशि को अपहरण माना जायेगा अतः रु० 50941.00 का फर्जी भुगतान

कर धनराशि का अपहरण किया गया है। जिस प्रति प्रधान श्री सुदर्शन यादव से रू० 25470.50 तथा सचिव श्रीमती अंकिता सिंह से रु० 25470.50 की ब्याज सहित वसूली अपेक्षित है। (सा०आ०सं०-05)

<u>ग्राम पंचायत - फेफरा, विकास खंड -मरदह जनपद - गाजीपुर</u>

प्रस्तर - 5 ग्राम पंचायत - फेफरा, विकास खंड -मरदह, जनपद - गाजीपुर के वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में प्रकाश में आया कि दिनांक 30.10.2021 को आई०डी०नं० 52924462 से रु० 174464.00 की टाइल्स 'अम्बे कन्सट्रक्सन एण्ड सप्लायर' से 'प्राथमिक विद्यालय में इंटरलाकिंग कार्य हेतु' क्रय की गयी है। इस पर निम्न आपति हैः-

(क) लेखा मैनुअल अध्याय 7 पैरा 3ब शासनादेश सं० 5038/ग-3377/47 पंचायत राज अनुभाग 3 दिनांक 11.07.1976 यथा संशोधित शासनादेश संख्या ए-1-864(1) दस 2008-15(1) 86 दिनांक 23-09-2008 के अनुसार रु० एक लाख से अधिक मूल्य के सामग्री क्रय पर निविदा आमंत्रित की जानी चाहिये। जबकि ग्राम पंचायत द्वारा रु० 174464.00 की सामग्री क्रय के पूर्व निविदा आमंत्रित नहीं की गयी है। इस प्रकार की वित्तीय अनियमितता के प्रति प्रधान श्री गंगा गौड़ व सचिव श्री चन्द्रिका प्रसाद उत्तरदायी हैं। उत्तरदायी व्यक्तियों के विरूद्ध आवश्यक विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है (सा०आ०सं०-01)

<u>ग्राम पंचायत - मुसल्लहपुर, विकास खंड - कासिमाबाद जनपद - गाजीपुर</u>

प्रस्तर - 6 ग्राम पंचायत - मुसल्लहपुर, विकास खंड - कासिमाबाद जनपद - गाजीपुर के वर्ष 2021-22 पंचम् राज्य वित्त की लेखा परीक्षा करते समय प्रकाश में आया कि दिनांक 11.08.2021 को रु० 33600.00 की सफाई किट क्रय कैश बुक में अंकित है। परन्तु सफाई किट क्रय का कोटेशन लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। जब कि शासनादेश सं० ए-1/864 दस/15 (1) दिनांक 23.09.2008 के अनुसार रु० 20001.00 से रु० 99999.00 तक के क्रय का कोटेशन लिया जाना चाहिए। अतः इस शासनादेश का पालन न कर ग्राम पंचायत अधिकारी श्री प्रभाकर पाण्डेय एवं ग्रामप्रधान श्रीमती चिन्ता देवी द्वारा रु० 33600.00 की वित्तीय अनियमितता की गयी है, इनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही अपेक्षित है। (सा०आ०सं०-02)

<u>ग्राम पंचायत - डिहवा , विकास खंड - कासिमाबाद जनपद - गाजीपुर</u>

प्रस्तर - 7 ग्राम पंचायत - डिहवा, विकास खंड - कासिमाबाद जनपद - गाजीपुर के वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्न आपत्तियाँ पायी गयी।

पंचम् राज्य वित्त की लेखा परीक्षा करते समय प्रकाश में आया कि कैश बुक में दिनांक 05.07.2021 को रु० 25125.00 कोरोना मृतकों को अनुदान राशि व सेनेटाइजेशन पर भुगतान दर्शित है परन्तु कितनी धनराशि किन-किन कोरोना मृतक परिवारों को दी गयी एवं कितनी धनराशि सेनेटाइजेशन पर व्यय की गयी है, इसका विवरण एवं व्यय वाऊचर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। जब कि ई-ग्राम स्वराज फीडिंग के अनुसार रु० 25125.00 ग्राम प्रधान श्री विनोद कुमार गुप्ता द्वारा स्वयं के नाम से आहरित कर ली गयी है। अतः स्पष्ट है कि ग्रामप्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा 25125.00 का अपहरण कर लिया गया है, जिसकी वसूली ग्रामप्रधान श्री विनोद कुमार गुप्ता से रु० 12562.50 एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री पवन कुमार पाण्डेय से रु० 12562.50 ब्याज सहित अपेक्षित है।

(सा०आ०सं०-01)

प्रस्तर - 8 वर्ष 2021-22 की पंचम् राज्य वित्त की कैश बुक में दिनांक 27.07.2021 को रु० 10000.00 स्टेशनरी व प्रशासनिक व्यय पर दर्शित है जिसका व्यय वाऊचर लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया, परन्तु ई-ग्राम स्वराज फीडिंग के अनुसार यह भुगतान ग्राम पंचायत अधिकारी श्री पवन कुमार पाण्डेय द्वारा स्वयं के नाम से आहरित किया गया है। अतः स्पष्ट है कि रु० 10000.00 का ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्रामप्रधान द्वारा अपहरण कर लिया गया है, जिसकी वसूली ग्राम पंचायत अधिकारी श्री पवन कुमार पाण्डेय से रु० 5000.00 एवं ग्रामप्रधान श्री विनोद कुमार गुप्ता से रु० 5000.00 ब्याज सहित अपेक्षित है।

(सा०आ०सं०-02)

प्रस्तर - 9 15वाँ वित्त की कैश बुक में दिनांक 05.07.2021 को रु० 9000.00 स्वयं सहायता समूह को सामुदायिक शौचालय के रख-रखाव हेतु भुगतान दर्शित है जब कि कैश बुक के ही अनुसार मार्च 2022 तक सामुदायिक शौचालय निर्माणाधीन रहा है। ई-ग्राम स्वराज फीडिंग के अनुसार रु० 9000.00 का भुगतान ग्रामप्रधान श्री विनोद कुमार गुप्ता द्वारा स्वयं के नाम से आहरित किया गया है। अतः स्पष्ट है कि रु० 9000.00 का अपहरण कर लिया गया है, जिसकी वसूली ग्राम प्रधान श्री विनोद कुमार गुप्ता से रु० 4500.00 एवं ग्राम पंचायत अधिकारी श्री पवन कुमार पाण्डेय से रु० 4500.00 ब्याज सहित अपेक्षित है। (सा०आ०सं०-03)

<u>ग्राम पंचायत - बद्धूपुर , विकास खंड - बिरनो जनपद - गाजीपुर</u>

प्रस्तर - 10 ग्राम पंचायत - बद्धूपुर, विकास खंड - बिरनो, जनपद - गाजीपुर के वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्नविवरणानुसार व्यय दर्शित है-

क्रमांक	दिनांक	व्यय धनराशि	खाते का विवरण	विवरण
1	01-10-2021	49002.00	केन्द्रीय वित्त	मन्नू प्रकाश के घर से ब्रह्म बाबा के स्थान पर इन्टरलॉकिंग कार्य
2	01-10-2021	15148.00	केन्द्रीय वित्त	उक्त कार्य हेतु मजदूरी
3	01-10-2021	32256.00	केन्द्रीय वित्त	उक्त कार्य हेतु इन्टरलॉकिंग ईट
4	20-12-2021	178622.00	राज्य वित्त	जल निकासी हेतु ह्यूम पाइप
5	20-12-2021	193770.00	राज्य वित्त	जल निकासी हेतु ह्यूम पाइप
6	28-10-2021	63436.00	राज्य वित्त	योगेश सिंह के घर से आर सी सी रोड तक मिट्टी खड़ंजा कार्य पर ईट का भुगतान
7	28-10-2021	22456.00	राज्य वित्त	उक्त कार्य की मजदूरी
8	28-10-2021	10601.00	राज्य वित्त	उक्त कार्य हेतु मिट्टी
योग		565291.00		

उक्त कार्य व मजदूरी के सापेक्ष मात्र कोषबही व बैंक पासबुक लेखा परीक्षा में प्रस्तुत रही। व्यय की पुष्टि में व्यय प्रमाणक, स्टॉक पंजी, एम०बी०, मस्टररोल, परिसम्पत्ति पंजी, कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र आदि अनुपलब्ध रहे। जिससे व्यय की पुष्टि न की जा सकी। उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा-27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम-256 तथा ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्धन हेतु मैनुअल के अध्याय 8 के अनुच्छेद 8-क के अन्तर्गत अधिभार के योग्य है? नियमानुसार ऐसा प्रमाणक बिहीन व्यय गबन है। अतः सम्पूर्ण आहरित धनराशि रु० 565291.00 का अपहरण किया गया है। इस हेतु प्रधान श्री सुभाष व सचिव श्रीमती कुमुद श्रीवास्तव दोनों समान रूप से उत्तरदायी है। प्रधान श्री सुभाष से 50 प्रतिशत धनराशि रू० 282645.50 व सचिव श्रीमती कुमुद श्रीवास्तव 50 प्रतिशत धनराशि रू० 282645.50 दोनों से समान रूप से ब्याजमय वसूली अपेक्षित है।

(सा०आ०सं०-02)

ग्राम पंचायत - बघोल, विकास खंड - बिरनो जनपद - गाजीपुर

प्रस्तर - 11 ग्राम पंचायत - बघोल, विकास खंड - बिरनो जनपद - गाजीपुर के वर्ष 2021-22 की लेखा परीक्षा में निम्नवत आपत्तियाँ पायी गयी।

दिनांक 22-10-21 को आहरित रूपए 45900.00 से वशिष्ठ राय के घर के पास गड्ढे में राविश भरने हेतु भुगतान किया जाना कोषबही में दर्शित है इसके सापेक्ष दिनांक 22-10-21 को ही रुपए 18815.00 का भुगतान मजदूरी हेतु किया जाना दर्शित है लेकिन इसके सापेक्ष कोई भी व्यय प्रमाणक व मजदूरी का मस्टररोल लेखा परीक्षा के दौरान प्रस्तुत नहीं किया गया उक्त कार्य हेतु कार्ययोजना कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र, कार्यवाही प्रस्तुत नहीं की गई। दिनांक 22-10-21 को ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर गड्ढे के भरने हेतु राविश फेके जाने पर व्यय के सापेक्ष रुपए 70380.00 का भुगतान किया जाना कोषबही में दर्शित है इसी कार्य के सापेक्ष दिनांक 22-10-21 को रुपए 20337.00 का भुगतान मजदूरी हेतु किया जाना कोषबही में दिखाया गया है लेकिन इसके सापेक्ष व्यय प्रमाणक व मजदूरी का मस्टररोल तथा कार्यवाही पंजी, स्टॉक पंजी व कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया अतः दर्शित कार्य के किए जाने की पुष्टि नहीं होती, इसके अभाव में आहरित धनराशि फर्जी है। इस प्रकार आहरित कुल रु० 155432.00 का वास्तविक कार्य हेतु प्रयोग नहीं किया गया उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा-27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राजनियमावली 1947 के नियम-256 तथा ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु मैनुअल के अध्याय-8 के अनुच्छेद- 8(क) के अन्तर्गत अधिभार के योग्य है नियमानुसार ऐसा प्रमाणकविहीन व्यय गबन है जिसे ग्राम प्रधान श्रीमती रामदुलारी व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री यशवंत सिंह से 50:50 के अनुपात में ब्याज के साथ वसूल किया जाना अपेक्षित है। अत: ग्राम प्रधान श्रीमती रामदुलारी से 50 प्रतिशत धनराशि रू० 77716.00 व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री यशवंत सिंह से 50 प्रतिशत धनराशि रू० 77716.00 की ब्याजमय वसूली अपेक्षित है। (सा०आ०क्रं०-01)

प्रस्तर - 12 दिनांक 17-03-22 को आहरित रुपये 95761.00 से ग्राम पंचायत में चबूतरा निर्माण कराया जाना कोषबही में दर्शित है यह चबूतरा निर्माण किस स्थल पर कराया गया है स्पष्ट नहीं होता है। दिनांक 22-3-22 को रुपए 24514.00 का आहरण कर चबूतरा निर्माण के मजदूरी के रूप में भुगतान किया जाना दर्शित है। कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र, स्टॉक पंजी, एम०बी० व परिसंपत्ति पंजी के अभाव में कार्य किए किए जाने की पुष्टि नहीं होती इस प्रकार आहरित कुल रू० 120275.00 का अपहरण किया गया है। उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा- 27 तथा उत्तर प्रदेश

पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम-256 तथा ग्राम पंचायत के वित्त एव लेखा प्रबन्धन हेतु मैनुअल के अध्याय-8 के अनुच्छेद -8 क के अन्तर्गत अधिभार के योग्य है नियमानुसार ऐसा प्रमाणकविहीन व्यय गबन है जिसे ग्राम प्रधान श्रीमती रामदुलारी व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री यशवंत सिंह से ब्याज के साथ वसूल किया जाना अपेक्षित है। अत: ग्राम प्रधान श्रीमती रामदुलारी से 50 प्रतिशत धनराशि रू० 60137.50 व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री यशवंत सिंह से 50 प्रतिशत धनराशि रू० 60137.50 की ब्याजमय वसूली अपेक्षित है। (सा०आ०क्रं०-02)

प्रस्तर - 13 दिनांक 23-3-22 को आहरित रुपये 41500.00 से कोविड-19 हेतु स्वच्छता की सामग्री क्रय किया जाना दर्शित किया गया है जिसका भुगतान जगदीश नारायण एंड संस को किया गया है जबकि कोषबही के अवलोकन से स्पष्ट है कि माह सितंबर व अक्टूबर में स्वच्छता व सफाई कार्य हेतु भुगतान पूर्व में किया जा चुका है अतः दिनांक 23-3-22 को आहरित रुपया 41500.00 का भुगतान फर्जी है। बिना उचित कारण के इस प्रकार धन का आहरण कर अपने निजी हित में उपयोग कर लिया गया है जो कि सरकारी धन का अपहरण है। उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा-27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम-256 तथा ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु मैनुअल के अध्याय-8 के अनुच्छेद 8-क के अन्तर्गत अधिभार के योग्य है। नियमानुसार ऐसा प्रमाणकविहीन व्यय गबन है जिसे ग्राम प्रधान श्रीमती राम दुलारी व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री यशवंत सिंह से ब्याज के साथ वसूल किया जाना अपेक्षित है। अत: ग्राम प्रधान श्रीमती रामदुलारी से 50 प्रतिशत धनराशि रू० 20750.00 व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री यशवंत सिंह से 50 प्रतिशत धनराशि रू० 20750.00 की ब्याजमय वसूली अपेक्षित है।

(सा०आ०क्रं०-03)

प्रस्तर - 14 दिनांक 28-3-22 को आहरित रुपए 171950.00 से आर०सी०सी० ह्युम पाइप आर०एस० इंटरप्राइजेज से क्रय कर विक्रम के घर से श्याम लाल बिंदु के घर तक भूमिगत नाली के निर्माण हेतु सामयी क्रय किया जाना दर्शित है दिनांक 28-3-22 को ही रुपए में 19101.00 से शंकर ईंट उद्योग से ईंट क्रय किया जाना दर्शित किया गया है। लेखा परीक्षा में व्यय प्रमाणक प्रस्तुत नहीं किया गया, स्टॉक पंजी में अंकन नहीं किया गया है एम०बी० बुक और कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र के अभाव में कार्य के किए जाने की पुष्टि नहीं होती है अतः दर्शित व्यय कुल रु० 191051.00 फर्जी है। उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा-27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राजनियमावली 1947 के नियम-256 तथा ग्राम पंचायत के वित्त एवं लेखा प्रबन्ध हेतु मैनुअल के अध्याय-8 के अनुच्छेद-8 क के अन्तर्गत अधिभार के योग्य है नियमानुसार ऐसा प्रमाणकविहीन व्यय गबन है; जिसे ग्राम प्रधान श्रीमती रामदुलारी व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री यशवंत सिंह से ब्याज के साथ वसूल किया जाना अपेक्षित है। अत: ग्राम प्रधान श्रीमती रामदुलारी से 50 प्रतिशत धनराशि रू० 95525.50 व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री यशवंत सिंह से 50 प्रतिशत धनराशि रू० 95525.50 की ब्याजमय वसूली अपेक्षित है (सा०आ०क्रं०-04)

प्रस्तर - 15 दिनांक 01-11-21 को आहरित रुपए 53550.00 से प्राथमिक विद्यालय बघोल में टाइल्स; पानी सप्लाई व बेसिन हेतु अशोक बिल्डिंग मैटेरियल को भुगतान किया गया

कोषबही में दर्शित है । दिनांक 02-11-21 को रुपए 45322.00 का आहरण कर प्रकाश हार्डवेयर को उपरोक्त कार्य हेतु भुगतान किया जाना दर्शित है। पुनः दिनांक 02-11-22 को रुपए 12000.00 का आहरण कर शंकर ईंट उद्योग को भुगतान किया गया दर्शित है इस कार्य के सापेक्ष मजदूरी के रूप में रुपए 22900.00 का भुगतान किया गया दर्शित है। संबंधित व्यय प्रमाणक व मजदूरी का मस्टररोल लेखा परीक्षा के समय प्रस्तुत नहीं किया गया। स्टॉक पंजी, परिसंपति पंजी, कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र व एम०बी० भी प्रस्तुत नहीं की गई। इससे स्पष्ट है कि दर्शित किये गये भुगतान कुल रु० 133772.00 फर्जी हैं। उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा-27 तथा उत्तर प्रदेश पंचायत राज नियमावली 1947 के नियम-256 तथा ग्राम पंचायत के वित्त एवम लेखा प्रबन्धन हेतु मैनुअल के अध्याय-8 के अनुच्छेद 8(क) के अन्तर्गत अधिभार के योग्य है। नियमानुसार ऐसा प्रमाणकविहीन व्यय गबन है जिसे ग्राम प्रधान श्रीमती रामदुलारी वग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री यशवंत सिंह से ब्याज के साथ वसूल, किया जाना अपेक्षित है। अत: ग्राम प्रधान श्रीमती रामदुलारी से 50 प्रतिशत धनराशि रू० 66886.00 व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी श्री यशवंत सिंह से 50 प्रतिशत धनराशि रू० 66886.00 की ब्याजमय वसूली अपेक्षित है। (सा०आ०क्रं०-05)

<u>ग्राम पंचायत - रामपुर, विकास खंड - सैदपुर जनपद - गाजीपुर</u>

प्रस्तर - 16 ग्राम पंचायत - रामपुर, विकास खंड - सैदपुर जनपद - गाजीपुर की ले०प० वर्ष 2021-22 में प्रस्तुत ग्राम निधि प्रथम के पंचम केन्द्रीय वित्त (खाता संख्या 458702010998778) के कोष बही एवं बैंक स्टेटमेंट के अनुसार गोवंश आश्रय स्थल हेतु भूसा घर निर्माण में निम्न विवरणानुसार धनराशि व्यय की गयी है -

क्र०	**दिनांक**	**धनराशि**	**भुगतान प्राप्तकर्ता**	**विवरण(कोंषबही मे)**
1	25-01-2022	23061	अज्ञात	गोवंश आश्रय स्थल हेतु चारा क्रय भुगतान
2	25-01-2022	11003	ओम साई कृपा हार्डवेयर	चारा मशीन क्रय का भुगतान
3	08-02-2022	121085	दीपक बिल्डिंग मैटेरियल	गोवंश आश्रय स्थल हेतु भूसा घर निर्माण हेतु
4	08-02-2022	50060	दीपक ईट उद्योग	गोवंश आश्रय स्थल हेतु भूसा घर निर्माण हेतु ईट क्रय का भुगतान
योग		**205209.00**		

उपरोक्त दर्शित कुल व्यय रु० 205209.00 किस विभागीय आदेश से कराया गया इस संबंध में कोई आदेश/शासनादेश लेखा परीक्षा में प्रस्तुत नहीं किया गया। गोवंश आश्रय स्थल का निर्माण एवं उससे संबन्धित अन्य गतिविधियों को संचालित करने का राजकीय प्राविधान जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत निहित है। ग्राम पंचायत निधि से उपरोक्त कार्य कराये जाने का कोई औचित्य नहीं है।

